दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। शनिवार 30 नवंबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 337 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3



# शपथ लेकर विधिवत रूप से संजीव शर्मा बने शहर विधायक







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संजीव शर्मा ने शुक्रवार को सुबह 11 बजे लखनऊ में शपथ ली और फिर जहां समर्थकों ने जोश के साथ जिंदाबाद के नारे लगाये, वहीं सजीव शर्मा की सियासत में उनका नया कैरियर विधायक के रूप में शुरू हुआ। वो इसी के साथ गाजियाबाद की सदर विधानसभा के शहर विधायक बने। संजीव शर्मा ने जब शपथ ग्रहण की तो गाजियाबाद से कई भाजपा नेता उन्हें बधाई देने के लिए मौजूद थे। संजीव शर्मा ने शपथ ग्रहण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशप प्रसाद मौर्या, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी का भी आशीर्वाद लिया।

# अधिवक्ताओं ने मानव शृंखला बनाकर दर्ज कराया विरोध

**- आंदोलन से दूर जनप्रतिनिधियों से मांगा दो दिसंबर तक जवाब**

**- संसद भवन कूच से लेकर आंदोलन मजबूत करने का बना प्लान**

## रोजाना अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन करेंगे अधिवक्ता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बार एसोसिएशन गाजियाबाद के बैनर तले बीते एक महीने से अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी है। जिला जज के कोर्टरूम में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में गाजियाबाद बार एसोसिएशन लगातार कार्य बहिष्कार कर रही है।

इसी कड़ी में शुक्रवार से अधिवक्ताओं ने मानव श्रृंखला का विशाल रूप धारण करते हुए अपने विरोध प्रदर्शन को आगे बढ़ना शुरू कर दिया है। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि अब प्रतिदिन अधिवक्ता अलग-अलग स्थानों पर मानव श्रृंखला बनाकर इस आंदोलन की ताकत प्रदर्शित करेंगे।

मिली जानकारी के अनुसार चेंबर नंबर एक से लेकर ढाई सौ तक के अधिवक्ता पहले दिन शामिल हुए, तो दूसरे दिन ढाई सौ से लेकर 500 तक के सभी अधिवक्ता आंदोलन में मौजूद रहेंगे। इसी प्रकार से प्रतिदिन बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं को शामिल करने का प्लान बनाया गया है। शुक्रवार को करीब दो घंटे से अधिक वकीलों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करते हुए पुलिस व जिला जज के विरोध में नारेबाजी भी की है।





### आज एलटी और हापुड़ चुंगी तक मानव श्रृंखला बनाएंगे वकील



करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित नेहरा ने जानकारी दी है कि 30 नवंबर को अधिवक्ता हापुड़ चुंगी पर मानव श्रृंखला बनांएगे। इस दौरान एलटी की ओर और उधर मालीवाड़ा तक अधिवक्ताओं की कतार दिखाने का प्रयास रहेगा ताकि अधिकारियों और जिला जज व अन्य अधिकारियों को वकीलों की ताकत का एहसास हो। बता दें कि बीते 30 दिनों से गाजियाबाद कचहरी का कामकाज पूरी तरह है बंद है।

### 2 दिसंबर तक विधायक-सांसद रखें अपना पक्ष वरना बार करेगी पुतला दहन

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने जनप्रतिनिधों के लिए प्रस्ताव पास किया है की विशेष सदस्यों जिसमें विधायक, सांसद व एमएलसी हैं, इस मामले में इनको पत्र लिखे जा चुका है। अब वो 2 दिसंबर तक बार एसोसिएशन को स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया है की निहत्थे वकीलों पर बर्बरता पूर्ण किए गए लाठीचार्चा के विरोध में चलाया जा रहे आंदोलन में सहयोग कर महत्वपूर्ण साथ निभाए अन्यथा इस आंदोलन में सहयोग नहीं करेंगे तो सांसद और विधायकों का भी पुतला दहन किया जाएगा।

### प्रदर्शन करने वाले 43 नामजद सहित 80 अज्ञात अधिवक्ताओं पर मुकदमा दर्ज

करंट क्राइम : केंद्रीय नाजिर की ओर से कवि नगर थाने में 43 नामजद अधिवक्ताओं सहित 80 अज्ञात अधिवक्ताओं के खिलाफ भारतीय अध्याय संहिता 2023 की धारा 267, 221, 352, 115 (2), 127 (3) के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस शिकायत में कहा गया है कि न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं द्वारा ताला बंद कर न्यायिक कार्य में बैठे लोक सेवक न्याय कार्य में बाधा पहुंचाना, अभद्र व अशोभनीय भाषा में नारेबाजी करते हुए पैरवी पढ़ाई पर आए वादकारियों के साथ मारपीट करना व अराजकता फैलाना दोष बताया गया है।

### संसद भवन कूच का भी बना रहे हैं अधिवक्ता प्लान

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद की ओर से लगातार अधिवक्ताओं की मीटिंग की जा रही हैं। जानकारी मिली है कि आने वाले दिनों में बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पदाधिकारी 22 जनपदों के पदाधिकारियों की मीटिंग आहूत कर सकते हैं। जिसमें दिल्ली कूच की घोषणा रहेगी। साथ ही संसद भवन और सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष भी प्रदर्शन करने की रणनीति भीतर खाने तैयार की जा रही है। वहीं अधिवक्ताओं से मिली जानकारी के अनुसार आंदोलन को बल देने के लिए इसमें कई और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### पुलिस की बढ़ रही है टेंशन, अधिवक्ता और न्यायिक अधिकारी आ सकते हैं आमने-सामने

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पदाधिकारी लगातार हड़ताल पर हैं और हड़ताल की वजह से कामकाज स्टॉप हो गया है। शुक्रवार से अधिवक्ताओं ने मानव शृंखला बनाकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। जिसकी वजह से शुक्रवार को पुलिस ऑफिस से लेकर कलेक्ट्रेट के मुख्य मार्ग बाधित हो गया था। इसी मार्ग से तमाम न्यायिक अधिकारियों के वाहन आते जाते हैं, उनको परेशानी होने लगी है। उन्होंने पुलिस से इसको लेकर नाराजगी जाहिर की है तो अधिवक्ताओं पर कार्रवाई करने का भी दबाव पुलिस पर बढ़ रहा है, अगर शांतिपूर्वक आंदोलन नहीं चला तो इसमें पुलिस कड़े फैसला भी आने वाले दिनों में ले सकती है। फिलहाल सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस पूरे प्रकरण को शांतिपूर्ण ढंग से हल करने में लगी हुई है लेकिन स्थिति अभी हड़ताल खत्म होने की ओर बन नहीं पा रही है।



### संभल मस्जिद विवाद पर सुप्रीम कोर्ट का अहम निर्देश

# 'निचली अदालत कोई एक्शन ना ले'

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के संभल में मस्जिद के सर्वे को लेकर हुई हिंसा के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अहम निर्देश दिया है। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि निचली कोर्ट इस मामले में कोई एक्शन न ले।




सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि इस मामले में हई कोर्ट के आदेश के बिना कुछ भी न किया जाए। हालांकि, सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से यह भी पूछा कि वह सुप्रीम कोर्ट आने से पहले हाई कोर्ट क्यों नहीं गए। दरअसल, ये याचिका मस्जिद कमेटी ने दाखिल की है। मस्जिद पक्ष ने स्थानीय कोर्ट के सर्वे के आदेश को चुनौती दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा,' क्या 227 के तहत हाई कोर्ट जाना उचित नहीं है? बेहतर होगा कि हम इसे यहीं लंबित रखें। आप अपनी दलीलें उचित पीठ के सामने दायर करें।' सुनवाई के दौरान उखकने कहा, 'हम नहीं चाहते कि इस बीच कुछ भी हो। उन्हें आदेश को चुनौती देने का अधिकार है। वे रिवीजन या 227 याचिका दायर कर सकते हैं।'

### संभल जा रहे मौलाना तौकीर रजा को पुलिस ने हिरासत में लिया



बरेली। पुलिस के कड़े पहरे के बीच सिटी स्टेशन से संभल के लिए निकलने आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा सीबीगंज तक पहुंच गए, लेकिन सीबीगंज पुलिस उन्हें रोका लिया। मौलाना तौकीर संभल जाने की जिद पर आड़े हैं लेकिन पुलिस ने उन्हें बंदी बना लिया है।

# फ्राइडे अलर्ट के बीच शांतिपूर्वक रहा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

## ना हुआ कहीं प्रदर्शन, ना विरोध की आई आवाज




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** संभल में हुई हिंसा के बाद शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का फ्राइडे वाला अलर्ट था। राहत वाली बात यह रही कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के किसी भी जोन से फ्राइडे अलर्ट को लेकर अशांति वाली खबर नहीं आई। किसी भी जोन में ना तो कोई प्रदर्शन हुआ और ना कहीं पर विरोध के स्वर सुनाई व दिखाई दिए। कुल मिलाकर सोशल मीडिया से लेकर पुलिस और खुफिया तंत्र की मॉनीटरिंग भी इस दौरान सफल रही।



### रात्रि में भी बढ़ाई गई पैदल गश्त

करंट क्राइम : मौसम बदल रहा है तो पैदल गश्त को लेकर अधिकारी सख्त हो गए हैं। शुक्रवार से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी जोन में अलग-अलग थानाक्षेत्रों में शाम के समय सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गश्त को अमल में लाना शुरू कर दिया गया है ताकि शांति व्यवस्था स्थापित रहे और कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत बनी रहे।

### धर्मस्थलों पर रखी नजर और एक्टिव रही पुलिस



करंट क्राइम : फ्राइडे अलर्ट को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन के अंतर्गत आने वाले सभी धर्म स्थलों पर संबंधित थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों को विशेष ध्यान देने का आदेश दिया गया था। इस आदेश का पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में अमल भी देखने को मिला। एसीपी स्तर के अधिकारियों से लेकर थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी नमाज के समय फील्ड की ड्यूटी पर मुस्तैद रहे। तो अन्य धर्म स्थलों पर भी पुलिस ने निगरानी रखने का काम किया। कुल मिलाकर फ्राइडे अलर्ट शांतिपूर्वक सफल रहा।

# नगर आयुक्त का विजन बदल रहा है पार्कों का स्वरूप

## वेस्ट से बेस्ट की मुहिम ने बदल दी है शहर के पार्कों की तस्वीर



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक एक ऐसे अधिकारी हैं जिन्होंने अपनी सोच से नगर को एक नया लुक दिया है। एक आईएएस अधिकारी के रूप में उन्होंने नगर निगम की तस्वीर को बदलने की कोशिश की है और उनकी वेस्ट से बेस्ट वाली मुहिम ने सही मायनों में नगर के पार्कों की दशा बदली है। यहां पर उन्होंने सबसे अच्छा काम ये किया है कि पार्कों की दशा सुधारने के लिये वो रास्ता अपनाया है जहां खर्चा भी नहीं हो रहा और जनता के बीच चर्चा भी पूरी हो रही है। नगर निगम की वेस्ट टू बेस्ट स्कीम लोग पसंद कर रहे हैं। गाजियाबाद नगर निगम का उद्यान विभाग प्रत्येक जोन में वेस्ट टू वंडर से पार्कों का सौन्दर्यीकरण कर रहा है।





### राजनगर में बनाया जा रहा वेस्ट टू वंडर पार्क बना लोगों के आकर्षण का केंद्र

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा वेस्ट टू वंडर पार्क की तैयारी की जा रही है। इसमें शहर को जागरूक किया जा रहा है। सेक्टर-14 राजनगर में विश्वनाथ मंदिर वाला पार्क आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सेक्टर14 राजनगर में वेस्ट टू वंडर पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्क में ही आसपास के लोगों से बात की। सभी को पार्क पसंद आया। राजनगर क्षेत्र के लोगों ने गाजियाबाद नगर निगम, महापौर तथा नगरायुक्त का वेस्ट टू वंडर पार्क बनाए जाने पर धन्यवाद किया। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अवनिंद्र कुमार, सक्षम हैल्पिंग हैंड फाउंडेशन एनजीओ की संचालिका नमिता गौर भी मौजूद थीं। राजनगर सेक्टर 14 के विश्वनाथ मंदिर वाले पार्क को म्यूजिकल थीम पर बनाया जा रहा है। विश्वनाथ मंदिर समीप होने पर पार्क को म्यूजिकल थीम दी गई है।





### खराब बाल्टी और फटे हुए टायर से बनाया गया है कमल का फूल

**करंट क्राइम।** नगर निगम उन वस्तुओं को इस्तेमाल में ला रहा है जो अनुपयोगी हैं। उनके जरिए सौंदर्यीकरण हो रहा है। विश्वनाथ मंदिर वाले पार्क में डमरू, सितार, तबला व अन्य म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट बनाए गए हैं। पार्क में बैठने के स्थान को टायर से तैयार किया गया है। टूटे पाइप, खराब बोतलों का इस्तेमाल पार्क को सजाने के लिये किया गया है। खराब बाल्टी तथा कटे हुए टायर का इस्तेमाल करते हुए कमल का फूल भी बनाया गया है। इसके अलावा अन्य अनुपायोगी वस्तुओं का इस्तेमाल करते हुए पार्क को सुविधाजनक तथा सुंदर बनाया गया है। नगर आयुक्त द्वारा शहरवासियों को वेस्ट से बेस्ट के प्रति जागरूक किया जा रहा है और उन्हें कचरा पृथककरण के लिये भी जागरूक किया जा रहा है।

### शहर के मुख्य चौराहों पर भी दिखेगी वेस्ट टू बेस्ट की थीम

**करंट क्राइम।** नगर निगम का प्रयास कचरे से शहर का सौंदर्यीकरण करना है। इसके लिये वो वेस्ट टू बेस्ट थीम लेकर आया है। राजनगर के वंडर पार्क के बाद अब नगर निगम शहर के प्रमुख चौराहों को भी इसी थीम पर आकर्षक बनाएगा। मुख्य चौराहों को चिन्हित किया जा रहा और इसी थीम पर कार्य होगा। ना केवल अनुपयोगी वस्तुओं का निस्तारण होगा बल्कि शहर को एक नई ऊर्जा देने के लिये भी वेस्ट से बेस्ट मुहिम चलाई जाएगी। सामाजिक संस्थाओं का सहयोग लिया जाएगा और स्थानीय क्षेत्रवासियों की सहभागिता के साथ पार्क के रख रखाव में ध्यान दिया जाएगा।





### लोहियानगर-गोविंदपुरम-सूर्यनगर और राधेश्याम पार्क में भी होगा सौंदर्यीकरण

**करंट क्राइम।** नगर निगम का पहला प्रयास राजनगर में सफल रहा है। सामाजिक संस्थाएं यहां आगे आई हैं और स्थानीय लोगों ने इसकी तारीफ की है। इसके बाद अब नगर निगम पांच जोन में दो-दो पार्कों को चिन्हित कर रहा है। उद्यान प्रभारी डॉ अनुज ने बताया कि सिटी जोन के अंतर्गत मॉडल टाउन ईस्ट लोहियानगर लाल क्वार्टर वाला पार्क, कविनगर जोन में डी ब्लॉक गोविंदपुरम, राजनगर सेक्टर 14, विजयनगर के अंतर्गत सेक्टर9 ई और के ब्लॉक वाले पार्क चिन्हित किये गए हैं। इसके अलावा वसुंधरा जोन के अंतर्गत सूर्यनगर, डी ब्लॉक नेहरू पार्क , कौशांबी स्थित सेंट्रल पार्क, मोहननगर जोन के अंतर्गत डीएलएफ कॉलोनी वाला पार्क और राजेंद्रनगर स्थित राधेश्याम पार्क का चयन किया गया है।

# उपचुनाव में जीत हासिल करने वाले विधायकों ने ली शपथ

## सीएम योगी बोले- ये है विकास की जीत




**लखनऊ।** शपथ ग्रहण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सहित कई और भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। यूपी में नौ विधानसभा सीटों पर जीत हासिल करने के वाले नवनिर्वाचित विधायकों को शुक्रवार को विधानसभा में शपथ दिलाई गई। सभी को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शपथ दिलाई। इसके बाद भाजपा विधायक पार्टी कार्यालय पर पहुंचेंगे और उन्हें सम्मानित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सभी विजयी उम्मीदवारों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए इसे प्रदेश के विकास और जनता की आस्था की जीत बताया।

जिन नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ली उनमें कुंदरकी से रामवीर सिंह, फूलपुर से दीपक पटेल, खैर से सुरेंद्र सिंह, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, कटेहरी से धर्मराज निषाद, मझवां से सुचिस्मिता मौर्य और मीरापुर से रालोद की मिथलेश पाल शामिल हैं। इन सभी उम्मीदवारों ने जनता के विश्वास और समर्थन का धन्यवाद करते हुए अपने क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। सभी ने एक स्वर में 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प को दोहराया, साथ ही मोदी-योगी के नेतृत्व के प्रति अपनी निष्ठा जताई। शपथ ग्रहण समारोह के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा का सदस्य होना गौरव की बात है। जनता की सेवा का अवसर आपको मिला है। मुख्यमंत्री जी के कार्यों को लेकर अगर जनता के बीच में जाएं तो हर बार जीत आपको मिलेगी। आपके पास ढाई साल का समय है, उसे जनता के बीच ज्यादा से ज्यादा व्यतीत करें। इसके साथ ही आपकी उपस्थिति विधानसभा में भी दिखनी चाहिए। यहां आपकी परफॉर्मेंस ही जनता के बीच आपकी सक्रियता के संदेश के रूप में जाएगी।

शपथ ग्रहण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सहित कई और भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दमकल विभाग की तत्परता से रायबरेली के होटल में टला बड़ा हादसा

## मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुनील सिंह ने 40 अतिथियों को सुरक्षित बचाया



### होटल किचन में लगी थी भीषण आग



**रायबरेली, करंट क्राइम।** रायबरेली के होटल ओम क्लार्कस इन में शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे सिविल लाइंस पुलिस के साथ कंट्रोल रूम को सूचना मिली, आग की सूचना मिलने पर तत्काल दो फायर टेंडर भेजे गए। मौके पर पहुंच कर देखा गया आग होटल के प्रथम स्थल पर स्थित किचन में लगी थी। होटल में ठहरे लोग घबरा गए, वहां दहशत का माहौल था। सबसे पहले सभी को दमकलकर्मियों ने शांत्वना देते हुए सुरक्षा का एहसास कराया और फायर सर्विस की एक यूनिट द्वारा बीए सेट पहनकर अंदर जाकर तत्काल आग बुझाने की कार्रवाई शुरू की गई।

साथ ही दूसरी यूनिट द्वारा होटल के कमरों में रह रहे लोगों को धुंआ से बचाव के बीच सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस दौरान फायर यूनिट द्वारा किचन में लगी आग को 15 मिनट के भीतर बुझा दिया गया। हालांकि होटल में धुआं भर गया था लेकिन मौके पर पहुंचे मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुनील कुमार सिंह और उनकी टीम ने इस दौरान अपनी जान जोखिम में डालते हुए 40 अतिथियों को सुरक्षित निकाला



और होटल में आग की बड़ी घटना होने से टाल दी।

### आग लगने के कारणों की हो रही है जांच

करंट क्राइमः सिविल लाइन स्थित रायबरेली के होटल ओम क्लार्क इन में जिस तरीके से होटल के प्रथम तल पर बने किचन में आग लगी थी, इस मामले की दमकल विभाग की टीम ने जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टिया आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट नजर आ रही है। तो वहीं फायर विभाग के मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कहा है कि होटल के अन्य फायर उपकरण की जांच की जा रही है। साथ ही एनओसी और अन्य दस्तावेज भी जांचे जाएंगे।

### वेंटीलेशन का बनाया रास्ता और पहुंचाई राहत

करंट क्राइम। मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया है कि होटल के कमरों में बड़ी संख्या में गेस्ट थे। होटल के भीतर धुंआ फैल रहा था। इस दौरान दमकल कर्मियों ने वेंटिलेशन पॉइंट बनाकर धुंआ और जहरीली गैस के प्रकोप को कम करने का काम किया गया ताकि यहां ठहरे अतिथि सुरक्षित रहे और उनको किसी प्रकार की जनहानि ना होने पाए।

## न्यूज डायरी

### थार की छत पर फावड़े से डाली मिट्टी... हाईवे पर दौड़ाकर वाहन चालकों की आंखों में झोंकी धूल, बनाई रील



**मेरठ।** सोशल मीडिया पर हाईवे पर दौड़ रही काले रंग की थार का वीडियो वायरल हो रहा है। मेरठ नंबर की ठाकुर का स्टिकर लगी थार की छत पर मिट्टी डालकर हाईवे पर तेज गति से दौड़ाया जा रहा है। मिट्टी उड़कर सड़क पर चलने वालों लोगों और अन्य वाहन चालकों की आंखों में भर गई। इस तरह गाड़ी हाईवे पर दौड़ाने से बड़ा हादसा भी हो सकता था। पुलिस थार चलाने वाले की तलाश में लग गई है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि एक व्यक्ति किसी ईंट भट्ठे पर थार खड़ी कर फावड़े से उसकी छत पर मिट्टी डाल रहा है। इसके बाद हाईवे पर थार को दौड़ाया जा रहा है। थार पर ठाकुर का स्टिकर लगा है। हाईवे पर वीडियो में थार की छत से मिट्टी उड़ती दिख रही है।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद लोग इस बारे में कमेंट कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस तरह मिट्टी दूसरे वाहन चालकों की आंखों में जाने से बड़ा हादसा हो सकता था और किसी की जान भी जा सकती थी। रील बनाने के लिए दूसरों की जान खतरे में डालने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। इससे दूसरे लोग भी सबक लेंगे। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर आरोपी को तलाश किया जा रहा है। आरोपी का चालान के काटने के साथ लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

### मैं जिंदा हूं, लोगों के बीच हूं, कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने तोड़ी चुपी, वायरल हुए थे गुमशुदगी के पोस्टर



**जींद।** हरियाणा के जुलाना विधानसभा हलके से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने अपनी गुमशुदगी के पोस्टर वायरल होने के मामले में चुपी तोड़ी है। विनेश ने जवाब देते हुए मैं जुलाना में ही हूं, जिंदा हूं और कहीं गुमशुदा नहीं हूं। मैं अपनों के बीच रही हूं और अपनों के बीच ही रहूंगी। हरियाणा के जिला जींद के विधानसभा क्षेत्र जुलाना से कांग्रेस की विधायक और ओलंपियन विनेश फोगाट एक बार फिर चर्चा में है। बीते सप्ताह कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट के गुमशुदगी के पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। विपक्ष के लोग पोस्टर पर जमकर चुटकियां भी ले रहे हैं। पोस्टर में लिखा था कि लापता विधायक की तलाश। अब इस मामले में विनेश फोगाट ने चुपी तोड़ी है। विनेश ने जवाब देते हुए मैं जुलाना में ही हूं, जिंदा हूं और कहीं गुमशुदा नहीं हूं। मैं अपनों के बीच रही हूं और अपनों के बीच ही रहूंगी। विनेश फोगाट ने शुक्रवार को जींद स्थित अपने कार्यालय पर लोगों की समस्याएं सुनी। लोगों को संबोधित करते हुए विनेश फोगाट ने कहा कि जुलाना को विकास के मामले में पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। जुलाना से पेयजल किल्लत और गलियों का निर्माण करवाया जाएगा।

# ट्रांसपोर्ट नगर अप्सरा बॉर्डर के बदहाल रास्ते बने सिरदर्द ट्रांसपोर्टर परेशान





उदयवीर सिंह

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद के अप्सरा बॉडर ट्रांसपोर्ट नगर की दयनीय हालत स्थानीय ट्रांसपोर्टर के साथ आम लोगों के लिए भी सिरदर्द बन गई हैं। जीटी रोड के दोनों ओर बसा ट्रांसपोर्ट नगर बदहाल स्थिति में है, वहीं ट्रांसपोर्ट नगर की सड़कें चलने लायक नहीं बचीं। बारिश के बाद तो यहां के रास्ते कीचड़ में बदल गए हैं। लोगों का कहना है कि नगर निगम यहां से करोड़ों रुपए टैक्स वसूल रहा है लेकिन सुविधा कोई नहीं है।

### आजादी के बाद से ट्रांसपोर्ट नगर में नहीं लगी एक भी ईंट : खुर्शीदा कल्लन बेगम



करंट क्राइम। वार्ड 34 की पार्षद खुर्शीदा बेगम ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। काफी वर्षों से ये समस्या बनी हुई है। बूंदाबांदी होते ही कई फुट पानी भर जाता है। अप्सरा बॉर्डर से गंदा नाला बाल्मीकि बस्ती तक नाला ना होने के कारण यहां पानी की निकासी की बहुत बड़ी समस्या है। देश की आजादी से लेकर आज तक अप्सरा बॉर्डर क्षेत्र में एक भी ईंट तक नहीं लगी है। कोई भी निर्माण नहीं हुआ। अभी तक अप्सरा बॉर्डर से बाल्मीकि बस्ती तक इसके अंतर्गत आने वाली लगभग 15 से 20 गलियां जीरो नंबर गली से 10 नंबर गलियां हैं। इन गलियों में अभी तक एक भी ईंट नहीं लगी है। कई कई फुट तक गड्ढे हैं। धूल मिट्टी का माहौल है। इस क्षेत्र से नगर निगम को हर महीने करोड़ रुपए का टैक्स जमा होता है। सेल टैक्स भी जमा होता है लेकिन यहां रोड गलियां बहुत ही बदतर हालत में हैं। दिल्ली यूपी का सबसे बड़ा बॉर्डर क्षेत्र होने पर भी यहां का बहुत बुरा हाल है। शासन प्रशासन को भी अवगत करा चुकी हूं, लेकिन समाधान आज तक नहीं हुआ। दिल्ली से यूपी में एंट्री करते ही धूल-मिट्टी चारों तरफ गंदा पानी भरा रहता है। रोड भी टूटे हुए हैं। आवागमा में बहुत ज्यादा दिक्कत होती है। दिल्ली यूपी सीमा पर कूड़ा घर बना हुआ, इसकी दुर्गंध कई किलोमीटर तक आती है। यहां सबसे बड़ी समस्या पानी निकासी की है।

### ट्रांसपोर्ट नगर 1965 में बसा, सुविधा शून्य : एनके वर्मा



**करंट क्राइम।** यूपी बॉर्डर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष एनके वर्मा ने बताया की ट्रांसपोर्ट नगर 1965 में बसा था, लेकिन आज तक कोई सुविधा नहीं मिली है। जिससे बरसात के मौसम में गाड़ियां निकालने में भी मुश्किल हो जाती है। आए दिन कोई ना कोई घटना होती रहती है। इस समय प्रदूषण के चलते 'ग्रैप 4' लगा हुआ है। ट्रांसपोर्ट नगर में धूल का अंबार लगा हुआ है। नगर निगम टैक्स के रूप में करोड़ों रुपए वसूलता है लेकिन सुविधा कोई नहीं है। सड़क-पानी-स्ट्रीट लाइट की ट्रांसपोर्ट नगर में कोई सुविधा नहीं है। इसके लिए कई बार शासन को भी लिख कर दिया गया है, लेकिन कोई सुनता नहीं। दिल्ली से सटे हुए ट्रांसपोर्ट नगर की हालत बदहाल है।

### ट्रांसपोर्ट नगर में उड़ती है धूल : सतीश चौधरी



**करंट क्राइम।** सतीश चौधरी ने बताया कि नगर निगम ट्रांसपोर्ट नगर से टैक्स के रूप में 5 करोड़ से भी अधिक वसूली कर रही है। लेकिन सुविधा नहीं देता। उन्होंने बताया नाले की दीवार बनाने के लिए कई बार निगम को पत्र भी दिया लेकिन कहते हैं कि बजट नहीं है। यहां बरसात के मौसम में कई बार गाड़ियां नाले में गिर जाती हैं। इस समय एनसीआर में ग्रेप 4 लगा हुआ है। यहां की रोड पर धूल उड़ रही है, लोगों का निकलना भी मुश्किल हो जाता है। नगर निगम की ओर से कोई सुविधा नहीं मिलने के कारण बदहाल स्थिति में ट्रांसपोर्ट नगर है। सीवर लाइन के ढक्कन टूटे हुए हैं जिस कारण गाड़ियां फंस जाती हैं। वही नालियों की सफाई खुद करनी पड़ती है। रात में अंधेरा हो जाता है, ट्रांसपोर्ट नगर में कहीं भी स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है। पानी की सप्लाई में नाले का पानी मिला हुआ आता है। हमने यह सड़क बनी नहीं देखी आज तक। नगर निगम की टीम टैक्स के रूप में करोड़ों वसूल रही है। अब तो खाली प्लॉट पर भी टैक्स का नोटिस भेजे जा रहे हैं।

### बदहाल ट्रांसपोर्ट नगर, नहीं मिल रही सुविधाएं : सुनील चौहान



करंट क्राइम। यूपी बॉर्डर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुनील चौहान ने बताया कि इस ट्रांसपोर्ट नगर में 1500 इकाइयों से अधिक हैं जिनसे करोड़ों रुपए नगर निगम टैक्स वसूलता है। लेकिन सुविधा कुछ नहीं है, जब से ट्रांसपोर्ट नगर बसा है, आज तक सड़क नहीं बनीं। स्ट्रीट लाइट और पानी की निकासी के लिए कोई व्यवस्था नहीं है।

# महाराष्ट्र में बस हादसा, 12 की मौत, 18 घायल

## बाइक सवार को बचाने के दौरान बस रेलिंग से टकराकर पलटी, 30 से ज्यादा यात्री थे सवार

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र के गोदिंया में शुक्रवार दोपहर बस हादसे में 12 यात्रियों की मौत हो गई। 18 से ज्यादा यात्री घायल हैं। इनमें 10 की हालत गंभीर बताई गई है। दरअसल, महाराष्ट्र राज्य परिवहन महामंडल की शिवशाही बस भंडारा से गोदिंया आ रही थी। हादसा गोंदिया से 30 किमी पहले खजरी गांव के पास हुआ।

लोगों के मुताबिक घटना 12.30 बजे के करीब की है। बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस ड्राइवर से बस अनकंट्रोल हुई और सड़क किनारे की रेलिंग से टकराने के बाद पलट गई। एक्सीडेंट के बाद ड्राइवर मौके से भाग निकला। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है।

वहीं घटना की जानकारी मिलते ही महाराष्ट्र के कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे ने मृतकों के परिवार को 10-10 लाख रुपए मुआवजे का ऐलान किया। मध्य प्रदेश के भोपाल में भोपाल में निजी बस ने बाइक को टक्कर मारी। इसके बाद बाइक समेत 2 युवकों को 10 मीटर तक



घसीटा। इस हादसे में दोनों युवकों की मौत हो गई। बाइक बस बंपर तोड़कर बस में फंस गई। बस ड्राइवर फरार है। पूरी खबर पढ़ें... राजस्थान के झुंझुनूं से दिल्ली जा रही रोडवेज की बच्चों से भरा ऑटो बचाने की चक्कर में हादसे का शिकार हो हई। घटना झुंझुनूं के बगड़ थाना इलाके के खुड़ाना गांव के पास काटली नदी पर बने पुल पर हुई। बस पुलिस की रेलिंग तोड़ नदी की तरफ लटक गई। इस दौरान बस में 40 यात्री सवार थे।

# 21 नवंबर तक देश में 136 वंदे भारत ट्रेन का रहा परिचालन : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव



**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बताया कि 21 नवंबर तक देश में 136 वंदे भारत ट्रेन बेहतर सुरक्षा सुविधाओं के साथ परिचालन में थीं। एक लिखित जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी वंदे भारत ट्रेन ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम कवच, तेज गति, पूरी तरह से सील गैंगवे, ऑटोमैटिक प्लग दरवाजे, मिनी पैंट्री, बोटल कूलर, डीप फ्रिजर और गर्म पानी बॉयलर जैसी सुविधाओं के साथ यात्रियों के लिए मौजूद थी। केंद्रीय मंत्री वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू करने के पीछे के औचित्य, सेवाओं-सुविधाएं और यात्री प्रतिक्रिया को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के नौ सांसदों के सवालों के जवाब में जानकारी दे रहे थे। दिल्ली-काठगोदाम सेक्टर को लेकर केंद्रीय मंत्री ने बताया कि दिल्ली-काठगोदाम सेक्टर में तीन जोड़ी मेल/एक्सप्रेस सेवाएं मौजूद हैं। इनमें 2039/40 काठगोदाम-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस भी शामिल है। इसके अलावा, नई रेल सेवाओं, जिसमें वंदे भारत सर्विस भी शामिल है, की शुरूआत भारतीय रेलवे की निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। केंद्रीय मंत्री ने आगे जानकारी दी कि वर्तमान में प्रारंभ और समाप्ति आधार पर महाराष्ट्र में कुल 22 वंदे भारत सेवाएं मौजूद हैं। रेल मंत्री ने कहा, भारतीय रेलवे में, आरक्षित सीटों की मांग का पैटर्न पूरे साल एक जैसा नहीं रहता है। यह पैटर्न कम भीड़ और व्यस्त दिनों के दौरान बदलता है। इसके अलावा, कम रुकने वाली और कम समय के साथ सुविधाजनक समय पर चलने वाली ट्रेनों को अच्छी प्रतिक्रिया मिलती है। रेल मंत्री ने आगे कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की कुल क्षमता 100 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने बताया कि रेल मदद पोर्टल के जरिए यात्री ट्रेन सर्विस को लेकर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हैं। 3 सितंबर से 20 नवंबर 2024 के दौरान रेल अनुभव के जरिए वंदे भारत ट्रेनों पर कुल 51,346 प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई।

# संभल मामले पर सुप्रीम कोर्ट का अहम निर्देश

## 'हाईकोर्ट के आदेश तक ट्रायल कोर्ट कोई कार्रवाई न करे'



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कुछ अहम निर्देश दिए, जिनके मुताबिक निचली अदालत को इस मामले पर सुनवाई करने से रोक दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निचली अदालत के फैसले से उन्हें कुछ आपत्तियां हैं। संभल हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट ने अहम निर्देश देते हुए निचली अदालत से संभल जामा मस्जिद मामले पर सुनवाई न करने को कहा है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने प्रशासन को कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने की भी हिदायत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने को कहा है और कहा कि अब हाईकोर्ट के निर्देश पर ही कोई कार्रवाई हो सकेगी।

### मस्जिद समिति ने दायर की थी सुप्रीम कोर्ट में याचिका

दरअसल मस्जिद समिति ने सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दायर कर मस्जिद का सर्वे कराने के निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। इस पर मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिकाकताओं से पूछा कि वह उच्च न्यायालय क्यों नहीं गए। पीठ ने कहा कि यह मामला उचित मंच पर उठाया जाना चाहिए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कुछ अहम निर्देश दिए, जिनके मुताबिक निचली अदालत को इस मामले पर सुनवाई करने से रोक दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निचली अदालत के फैसले से उन्हें कुछ आपत्तियां हैं। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय द्वारा किए जाने का निर्देश दिया है। साथ ही सर्वोच्च अदालत ने उच्च न्यायालय से याचिका दायर होने के बाद तीन दिनों में याचिका पर सुनवाई करने का निर्देश दिया। एडवोकेट कमिश्नर की सर्वे रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में रखने का आदेश गौरतलब है कि निचली अदालत के आदेश के बाद एडवोकेट कमिश्नर द्वारा संभल जामा मस्जिद का सर्वे किया गया। इस सर्वे के दौरान ही बीते दिनों संभल में हिंसा भड़की, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने हालात को देखते हुए एडवोकेट कमिश्नर की रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में रखने और जारी न करने का भी निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश प्रशासन को हिदायत दी है कि शांति और सद्भाव का माहौल कायम रखा जाए। अदालत ने प्रशासन से शांति समिति गठित कर सद्भाव कायम करने का भी निर्देश दिया।

### कोर्ट ने जताई नाराजगी

कोर्ट ने कहा कि जिस जल्दबाजी में मामले पर ट्रायल कोर्ट ने सुनवाई की और सर्वे के आदेश दिए गए, उससे स्थानीय लोगों के मन में शक हुआ, जिसकी वजह से वे घरों से बाहर निकले। रिपोर्ट्स के अनुसार, पुलिस ने उन पर फायरिंग की, जिससे मासूम लोगों की जान गई और कई घायल हुए। मस्जिद समिति की तरफ से वरिष्ठ वकील हुजैफा अहमदी अदालत में पेश हुए। वहीं प्रतिवादी पक्ष की तरफ से वकील विष्णु शंकर अदालत में पेश हुए।


### क्या है विवाद

दरअसल हिंदू पक्ष ने ट्रायल कोर्ट में याचिका दायर कर दावा किया कि संभल की जामा मस्जिद एक मंदिर को तोड़कर बनाई गई है। हिंदू पक्ष का कहना है कि पूर्व में यहां हरिहर मंदिर था, जिसे साल 1526 में मुगल बादशाह बाबर ने तुड़वाकर वहां मस्जिद का निर्माण कराया था, जिसे आज संभल की जामा मस्जिद के नाम से जाना जाता है। इस याचिका पर ट्रायल कोर्ट ने बीती 19 नवंबर को मस्जिद का सर्वे एडवोकेट कमिश्नर से कराने का आदेश दिया था। इस सर्वे के दौरान 24 नवंबर को संभल में हिंसा भड़क गई, जिसमें चार लोगों की जान चली गई।

# मार्च 2025 तक आर-पार हो जाएगी सिलक्यारा सुरंग

## बीते वर्ष भूस्खलन के चलते दो माह तक बंद रहा था काम

**देहरादून।** मार्च 2025 तक सिलक्यारा सुरंग आरपार हो जाएगी। पोलगांव बड़कोट छोर से सुरंग की खोदाई का काम लगभग 180 मीटर शेष है। हालांकि, सिलक्यारा छोर से गत वर्ष भूस्खलन में गिरा मलबा अब तक नहीं हट पाया है। एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों का कहना है कि पोलगांव बड़कोट छोर से अवशेष खोदाई का काम अगले तीन महीने में पूरा कर लिया जाएगा। बता दें कि चारधाम सड़क परियोजना में यमुनोत्री हाईवे के समीप लगभग 853.79 करोड़ रुपये लागत से निमार्णाधीन 4.5 किमी लंबी सिलक्यारा-पोलगांव सुरंग का निर्माण इस साल मार्च तक पूरा होना था, लेकिन बीते साल 12 नवंबर को सुरंग के सिलक्यारा मुहाने के पास भूस्खलन होने से इसका निर्माण दो माह तक बंद रहा। भूस्खलन में 41 श्रमिक सुरंग के अंदर फंस गए थे, जिन्हें सकुशल बाहर निकालने में ही 17 दिन का समय लग गया था।



### सुरंग की खोदाई का काम 480 मीटर था शेष

हादसे के बाद करीब दो माह तक सुरंग का निर्माण कार्य ठप रहा। इस साल 23 जनवरी को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कार्यदायी संस्था राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) को फिर से सुरंग निर्माण शुरू करने की अनुमति दी। सुरंग में जमा पानी की निकासी का काम शुरू करते हुए फरवरी में बड़कोट छोर से खोदाई का काम शुरू कराया गया। जब भूस्खलन हुआ था, तब सुरंग की खोदाई का काम 480 मीटर शेष था। उस समय से अब तक दस माह में करीब 300 मीटर तक खोदाई का काम पूरा कर लिया गया है। शेष मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा और सुरंग आरपार हो जाएगी। इसके बाद सुरंग की फिनिशिंग सहित अन्य काम ही शेष बचेंगे।

### दूसरी ड्रिफ्ट टनल का निर्माण भी अंतिम चरण में

गत वर्ष सिलक्यारा में हादसे की वजह बने भूस्खलन के मलबे को हटाने के लिए भी ड्रिफ्ट टनल (निकासी सुरंग) का काम भी जोरों पर है। तीन में से एक ड्रिफ्ट टनल आरपार हो चुकी है। दूसरी का निर्माण मात्र 5 से 6 मीटर शेष रह गया है। दूसरी ड्रिफ्ट टनल भी एक या दो दिन में आरपार हो जाएगी। इसके बाद तीसरी और आखिरी ड्रिफ्ट टनल बनाई जाएगी, जिससे मलबा हटाने की राह आसान हो जाएगी।

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...






# भाजपा अध्यक्ष पद वाली दावेदारी में क्यों है महिला शक्ति खामोश



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा अपनी संगठन की सियासत से लेकर सरकार तक महिला आबादी को भागीदारी देने की बात करती है। वो महिला सीट पर अपने कार्यकताओं को उतारती है। भाजपा में महिला मोर्चा का अपना क्रेज है और सबसे बड़ी बात ये है कि अगर गाजियाबाद की बात करें तो यहां भाजपा कई महिला नेता ऐसी हैं जो पूरी तरह से सक्रिय रहती हैं। मेहनत करती है और संगठन के हर आयाम में इन महिलाओं की भागीदारी रहती है। बूथ, बस्ते संभालने से लेकर प्रदर्शन का मोर्चा संभाल लेती हैं। मगर सवाल ये है कि भाजपा की जो महिला शक्ति अपनी सियासी सक्रियता को हर मोर्चे पर दिखाती है वो महिला शक्ति महानगर अध्यक्ष वाली दावेदारी के समय क्यों खामोश हो जाती है। क्या वो ये मानकर चलते हैं कि हमें मौका नहीं मिलेगा। वो खुद को महानगर अध्यक्ष वाली दावेदारी से दूर रखती हैं, वो खुद को जिलाध्यक्ष वाली दावेदारी से दूर रखती हैं। भाजपा की जो महिला शक्ति आयाम, शंकल्प, अभियान , स्वागत में अपनी एक्टिविटी का सौटा बजाती हैं वो महिला शक्ति खुद को दावेदारी के समय महिला कोटा में क्यों समेट लेती है। इस बार भी अब जब संगठन चुनाव शुरू हो रहे हैं तो अभी तक एक भी महिला दावेदार अध्यक्ष पद के लिये सामने नहीं आई है। ना चर्चा वाली दावेदारी है और ना खुलकर दावेदारी है और ऐसा लग रहा है कि महिला शक्ति ने मान लिया है कि महानगर की टीम में एडजस्ट वाले सीन में रहेंगे और बाकी की दावेदारी महिला मोर्चा की तरफ शिफ्ट हो जाएगी। महिला शक्ति की तरफ से महानगर अध्यक्ष वाली सीट बिना दावेदारी के ही पुरुष वर्ग को गिफ्ट हो जाएगी।

## अभियान स्वागत और मोर्चों में ही दिखाई देता है जोश



### पूर्वांचल के महिला फेस बना चुके हैं अपना स्पेस

**करंट क्राइम।** भाजपा की महिला राजनीति में पिछले दो दशकों में पूर्वांचल और बिहार में दस्तक दी है। पूर्वांचल की महिला नेताओ ने लगातार यहां सियासी मेहनत की है अपनी पहचान बनाई है। पूर्वांचल के चेहरों की बात करें तो यहां रनीता सिंह एक ऐसा चेहरा हैं जो शिक्षित, सौम्य और कर्मठता तीनों के मामलों में आगे हैं। मौजूदा समय में महानगर उपाध्यक्ष हैं। पार्टी का कोई भी आयाम हो, अभियान हो ये चेहरा सबसे आगे रहता है। पूर्वांचल की बात करें तो यहां अर्चना सिंह भाजपा का वो चेहरा है जो संघर्ष के दिनों से लेकर सफलता के समय तक साथ है। वो महानगर संगठन में रही हैं और नामित पार्षद बनाया गया था। सामाजिक संस्थाओं से लेकर भाजपा के अभियानों में वो हमेशा आगे रही हैं। इन दिनों उनकी सक्रियता उतनी नहीं दिखाई दे रही जितनी पहले दिखाई देती थी, लेकिन ये चेहरा भाजपा की पूर्वांचल राजनीति का चेहरा है। पूर्वांचल चेहरों की बात करें तो वार्ड 15 से पार्षद पूनम सिंह का भी नाम आता है। उन्हें पहली बार टिकट मिला और उन्होंने उस क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर चुनाव जीता जहां जीत थोड़ी टफ मानी जाती थी। इसके अलावा अन्य केई चेहरे हैं।

## महिला कार्यकर्ताओं को जब मिला है मौका तो मारा है सफलता का चौका

**करंट क्राइम।** महिलाओं की बात करें तो भाजपा का महिला राजनीति का रिकॉर्ड ये बताता है कि यहां अन्य दलों की तुलना में नेताओं की पत्नियों से ज्यादा महिला कार्यकताओं को मौका मिला है और ये भी तय है कि जब-जब मौका मिला है तब-तब इन महिला कार्यकताओं ने सफलता का चौका भी मारा है। संगठन से लेकर जनप्रतिनिधि तक अपनी क्षमता का लोहा मनवाया है। सफल चेहरों की बात करें तो शुरूआत पूर्व मेयर आशा शर्मा से करते हैं।

आशा शर्मा ने एबीवीपी से शुरूआत की और वो संगठन से लेकर जनप्रतिनिधि तक सफल रही। उन्होंने संघर्ष के दौर में संगठन की राजनीति की और वो दो बार नगर निगम पार्षद का चुनाव जीतीं और मेयर चुनाव रिकॉर्ड वोटों से जीतीं। बेहद शानदार कार्यकाल रहा और लोकप्रिय मेयर के रूप में अपनी पहचान बनाई। इसीलिए उन्हें आधी भाजपा की दीदी और आधी भाजपा की बुआ कहा जाता है। आज भी राजनीति का लोकप्रिय चेहरा है। कार्यकर्ता की बात करें और सियासी शिखर पर पहुंचने की बात करें तो मेयर सुनीता दयाल का नाम आता है। विधानसभा का चुनाव लड़ी हैं और प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर काम किया। मौजूदा समय में मेयर हैं और जुझारू नेता के रूप में अपनी पहचान बनाई है। अगर यहां पर वार्ड स्तर पर देखें तो जब भी महिला कार्यकर्ता को टिकट मिला है तो उन्होंने कमल खिलाया है। भाजपा को सम्मान दिलाया है।

नए चेहरों में शीतल चौधरी का नाम आता है। पहली बार भाजपा का टिकट मिला और उन्होंने उस वार्ड में कमल खिला दिया जहां कभी कमल खिला ही नहीं था। भाजपा की युवा संघर्षशील और सफल पीढ़ी का चेहरा हैं। निगम के सदन में दृढ़ता के साथ बात रखती हैं। मीना भंडारी भी कार्यकर्ता फॉरमेट से आती हैं और नगर निगम की पार्षद रही हैं। अपनी कार्यकर्ता वाली पहचान के दम पर जिन चेहरों ने चुनाव जीता है उनमें साक्षी नारंग, लवली कौर, चम्पा माहौर, नीलम भारद्वाज के नाम हैं।

### क्या उदिता त्यागी करेंगी दावेदारी या सिमटेगा ये नाम महिला मोर्चा तक

**करंट क्राइम।** अगर बात पश्चिमी उत्तर प्रदेश की करें, बात यहां के सक्रिय महिला चेहरे की करें और बात हिंदुत्व की करें तो डॉ. उदिता त्यागी का नाम सबसे पहले आता है। अपनी बात को सधे हुए अंदाज में कहती हैं, उच्च शिक्षित हैं और वो क्षेत्रिय कमेटी में रही हैं। विभिन्न आयामों से जुड़ी रही हैं। मौजूदा समय में महिला मोर्चा की महानगर संयोजिका हैं और उन्हें महिला मोर्चा का अध्यक्ष ही माना जाता है। अब जब संगठन में फेरबदल हो रहा है तो ये देखना भी रोचक रहेगा कि क्या उदिता त्यागी अध्यक्ष पद मैन बॉडी में दावेदारी करती हैं या खुद को महिला मोर्चा वाली राजनीतिक तक सीमित रखती हैं।


# कलेक्ट्रेट से संचालित होगा नगर निगम वार्ड-19 का उपचुनाव

## मतगणना से लेकर पोलिंग पार्टी यहीं से होंगी रवाना





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम के वार्ड-19 में उपचुनाव होना है और उपचुनाव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। 17 दिसंबर को यहां चुनाव है और उससे पहले चुनावी कार्यक्रम शुरू करने के प्रशासनिक आदेश भी आ गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी नगर निगम इन्द्र विक्रम सिंह जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा पत्र जारी करते हुए आदेश दिया गया है कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश की अधिसूचना के द्वारा नगर निगम गाजियाबाद के वार्ड संख्या 19 और 21 के रिक्त पार्षद पद के उपनिर्वाचन हेतु समय सारणी निर्धारित कर दी गई है। नगर निकाय उपनिर्वाचन को



सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए मतदान दलों का प्रस्थान, वापसी, ईवीएम मशीन का स्ट्रांग रूम और मतगणना की कार्रवाई कलेक्ट्रेट स्थित जन सुविधा केंद्र में संपन्न कराई जाएगी। इसके साथ ही अन्य चुनावी कार्यक्रम और कार्रवाई भी इसी स्थान से तय होगी। कुल मिलाकर नगर निगम के उपचुनाव का सारा कार्य जनसुविधा केंद्र कलेक्ट्रेट परिसर से संचालित किया जाएगा।

### ईवीएम मशीन से होगा चुनाव



**करंट क्राइम ।** वार्ड-19 नगर निगम का उपचुनाव होना है और उपचुनाव 17 दिसंबर को होगा। उससे पहले तमाम तरीके की कार्रवाई होंगी ,तो वहीं मतदान की प्रक्रिया, ईवीएम मशीन के द्वारा ही होगी। ईवीएम मशीन स्ट्रांग रूम में रखी जाएगी और मतगणना की कार्रवाई कलेक्ट्रेट परिसर पर ही होगी। कुल मिलाकर अब विधानसभा उपचुनाव के बाद प्रशासन नगर निगम के वार्ड-19 उपचुनाव की तैयारी में जुट गया है। जिसके लिए कार्यक्रम और अन्य जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी आगे भी देते रहेंगे।

### आचार संहिता का भी रखना होगा ध्यान

करंट क्राइम। भले यह एक वार्ड 19 का चुनाव हो, लेकिन इस वार्ड में आचार संहिता को लेकर प्रशासन और पुलिस सभी प्रकार के नियम और चुनावी दिशा-निर्देश का पालन करेगी ताकि किसी प्रकार से आचार संहिता का उल्लंघन न होने पाएं।

# पुलिस कमिश्नरेट में क्या जल्द आएगी एसीपी की बदलाव वाली लिस्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीते दिनों एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय का बदायूं तबादला हो गया है। तो वहीं देहात में अंडर ट्रेनिंग एसीपी अंबुज सिंह यादव को भोजपुर का चार्ज दिया गया है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके का सीन बन रहा है तो जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट में एसीपी स्तर के अधिकारियों की एक मिनी तबादला लिस्ट जारी हो सकती है। जिसमें किसी को नया सर्किल मिलेगा तो किसी का सर्किल से साइड लाइन वाला सीन भी बन सकता है। वहीं देखना होगा कि लंबे समय से ऑफिस और इन हाउस ड्यूटी में लगे किसी एसीपी पर कृपा होती है।

## लिस्ट से आ सकता है कुछ ट्विस्ट




### बाहर से भी आ सकता है कोई एसीपी

**करंट क्राइम ।** उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि वर्तमान में एसीपी स्तर के कई अधिकारी गाजियाबाद में मौजूद हैं लेकिन कुछ बाहर से भी एसीपी भेजे जा सकते हैं। वैसे भी बीती कई तबादला लिस्ट ऐसी रही हैं, जिसमें गाजियाबाद से तो अधिकारी बाहर भेजे गए, लेकिन बाहर से कोई यहां के लिए नहीं आया था।

### क्या सिटी और देहात का भी बदलेगा सीन

**करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में एक एसीपी स्तर के अधिकारी को पोस्टिंग मिलेगी, तो उसी के साथ चर्चा हो रही है कि क्या शहर वाले जोन से किसी एसीपी को नदिया पार भेजा जाएगा या किसी अन्य फेस पर अधिकारी जिम्मेदारी सौंपेंगे। वहीं चर्चा इस बात की भी हो रही है कि देहात जोन के तार सिटी से जुड़ेंगे या नदिया पार से। वैसे एक एसीपी का नाम पहले भी बदलाव वाली श्रेणी में आया था लेकिन वह रुक गया था। देखना होगा कि उन पर कृपा होती है या नहीं।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर को करना चाहिए गाजियाबाद के बड़े भगवा साधु का भी थैंक्स? हमें पता चला है कि इन साधु ने 15 दिन पहले ही डाल दिया था कमांडर के प्रतिद्वंद्वी दूसरे दावेदार के नाम पर डेंट? जब ऊपर से मांगी गई थी कमांडर और दूसरे दावेदार को लेकर रिपोर्ट? तब इन्होंने किया था पूरी ताकत से कमांडर के नाम को सपोर्ट? जहां से ली गई थी दो चेहरों पर राय? वहीं से लगनी थी टिकट के लिए ओके की रिपोर्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बार भोवापुर में भाजपा मचाना चाहती है अपना शोर? पार्षद का उपचुनाव जीतने के लिए पार्टी लगा रही है पूरा जोर? सुना है विधानसभा का उपचुनाव जीतने वाले विधायक संजीव शर्मा के लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न रहेगी ये सीट? क्योंकि पिछले चुनाव में भगवा उम्मीदवार नहीं ला पाया था यहां से जीत? सुना है इस सीट पर सुनाई दे रहा है किसी गौतम का नाम? देखना अब ये है कि किसके पक्ष में आयेगा टिकट का ईनाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर हो गये हैं विधायक? मगर उन पर है अभी भी अध्यक्ष का भी प्रभार? सुना है उनकी मौजूदगी में ही होना है निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का चुनाव? देखना अब ये है कि वो राजीव शर्मा को ज्यादा भाव देंगे या लगवायेंगे अमित त्यागी का दांव? कहने वाले ने कहा नदिया पार से इस बार वो मुश्किल लेंगे डिसीजन? फिर से यश को पालने वाले पहलवान को बताये जायेंगे तरह-तरह के रीजन? ये चेहरा समझता है खुद को कमांडर का सारथी? मगर लग रहा है उपाध्यक्ष वाले मामले में उतरेगी किसी और की ही आरती?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से भगवा बाकुंरों को पता चली है ये बात? उपचुनाव जीतकर आये भाजपा के 7 विधायकों में से दो विधायकों पर पार्टी चलेगी मंत्री वाला दांव? कहने वाले ने कहा तभी से जगने लगे हैं कमांडर समर्थकों के लिए अरमान? दे रहे हैं तर्क, इस बार तो हो ही जायेगा हमारा काम? कहने वाले ने कहा समर्थक कुछ ज्यादा ही दिखा रहे हैं उत्साह? गर्ग साहब अब इससे ज्यादा पासे नहीं फेंकेगें? नहीं करना चाहेंगे अब वो अपने विधायक मंडल के किसी भी चेहरे को खफा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के मैम्बर उपाध्याय लिख रहे हैं किसी को खुश करने का नया अध्याय? कहने वाले ने कहा लगता है वो अभी से कर रहे हैं 2027 के निगम चुनाव की तैयारी? तभी तो शहर सीट का चुनाव भगवा कमांडर के जीतने पर उनकी खुशियां दिखाई दे रही हैं भारी? लाईन पार को छोड़ कर नदिया पार में होर्डिंग लगाकर दी है उन्होंने कमांडर को बधाई? जाकर देख लेना मोहन नगर तिराहे पर? आपको वहां उपाध्याय जी के भगवा कमांडर को बधाई देते हुए कई होर्डिंग देंगे दिखाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भदौरिया को आज भी याद आ जाती है पुरानी बात? अगर बड़े वाले जनप्रतिनिधि ने निभाया होता अपना वादा? तो इनको नहीं लड़ना पड़ता निर्दलीय चुनाव? सुना है एक समय जनप्रतिनिधि ने इनका टिकट कराने के लिए कही थी चोटी में गांठ बाधने की बात? फिर ना जाने क्या हुआ, एक दम बदल गये जनप्रतिनिधि के जज्बात? नहीं हुआ इनका पार्टी से टिकट? सुना है रह-रह कर इनको आती है पुरानी यादों की यादें? जिन्हें याद करके इनको होता है बहुत ज्यादा कष्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लगता है साबरमती फाईल गाजियाबाद से लाएगी फिल्म के प्रोड्यूसर के चेहरे पर बहुत बड़ी स्माईल? हमने देखा भगवा जनप्रतिनिधि अपने खर्चे से खूब बुक कर रहे हैं पिक्चर हॉल? पता चला है मुराद पूरी करने वाले विधायक ने भी पिक्चर दिखाने का बना लिया है माहौल? की है उन्होंने मिस्टर मित्तल से इस बारे में बात? लिया है पूरे हॉल को विद फूड बुक कराने का हिसाब किताब? जल्दी ही मुराद पूरी करने वाले नगर के कार्यकर्ताओं की पूरी होनी है मुराद? यूं ही नहीं बताया जाता विधायक जी का क्षेत्र में जलवा खास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बहुत दिनों से पूर्व सीनियर पार्षद राजेन्द्र त्यागी और हिमांशु मित्तल नहीं उठा रहे हैं किसी मुद्दे पर आवाज? खामोश सा कर लिया है ना जाने क्यों दोनों ने अपना परवाज? लंबे समय से वो नहीं कर रहे हैं निगम में जीडीए को लेकर कोई बात? आवाज नामित की चाहत की वजह से होल्ड की हुई है? या फिर इन दोनों की खामोशी को समझा जाये तूफान के आने का आगाज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा छाबड़ा जी करते हैं बहुत ज्यादा मेहनत? समाज सेवा से लेकर राजनीति से रखते हैं वो अपना वास्ता? मगर जिस हिसाब से मजबूत होनी चाहिए, वैसी मजबूत नहीं हो रही है उनकी भाजपा में दांस्ता? सुना है मिस्टर कूल गुप्ता जी ने एक स्थान पर दिखाया उन्हें मित्तल जी का रास्ता? कहा इनसे सम्पर्क बढ़ा लो, इन्हीं से रखो अपना वास्ता? इनके पास है इस वक्त हर ताले की चाबी? ये मजबूत करेंगे आपकी राजनीति की दांस्ता?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था भगवा साधु जी के पास? उन्होंने एक बात कह दी बिल्कुल क्लीयर? कहा जब तक भगवागढ़ के वैश्य नेता संघ वालों की परिक्रमा करते रहेंगे? तब तक उन पर कोई कृपा नहीं होगी डियर? मुख्य पदों तक पहुंचने के नहीं बन पायेंगे उनके मजबूत हालात? बस नीचे वाले पदों पर उनको तसल्ली धारण करनी होगी साहब? अगर चाहते हैं कि राजनीति में बने उनकी मजबूत बात? तो संघ के साथ-साथ वो भाजपा के बड़े-बड़े चेहरों से भी शुरू कर दें अपनी मुलाकात?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## संपादकीय

# ऑफिस जाना अच्छा

अमेरिका स्थित एक माइंड रिसर्च ऑर्गनाइजेशन की ओर से हाल में करवाई गई एक ग्लोबल स्टडी की रिपोर्ट ने वर्क कल्चर और मेंटल हेल्थ के रिश्तों पर नए सिरे से रोशनी डाली है। रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब भारत में वर्कलोड और ऑफिस के तनाव भरे माहौल पर बहस गर्म है। खासकर पिछले दिनों पुणे में हुई 26 साल की एक चार्टर्ड अकाउंटेंट की मौत ने इस बहस को तेज कर दिया है। कोविड-19 के प्रभावों से वर्क फ्रॉम होम मॉडल का चलन बढ़ा था। एंप्लॉयीज का एक वर्ग अभी भी इसी को पसंद करता है और कंपनियों को उन्हें ऑफिस बुलाने में मुश्किलों का भी सामना करना पड़ा। लेकिन रिपोर्ट में यह तथ्य स्थापित हुआ है कि अकेले काम करने के बजाय टीम में काम करना मेंटल हेल्थ के लिए बेहतर होता है। खासकर भारत में वर्क फ्रॉम होम के मुकाबले वर्क फ्रॉम ऑफिस मोड अपनाने वालों के मेंटल हेल्थ इंडिकेटर्स बेहतर पाए गए। हालांकि अमेरिका औऱ यूरोप में हाइब्रिड मोड (यानी कुछ दिन घर से काम और कुछ ऑफिस से) को सबसे अच्छा पाया गया। वर्क लोड और ऑफिस के माहौल का जहां तक सवाल है तो रिपोर्ट बताती है कि मेंटल हेल्थ इंडिकेटर्स का रिश्तों से बड़ा गहरा नाता है। मेंटल हेल्थ को बेहतर बनाए रखने वाला सबसे बड़ा फैक्टर है सहकर्मियों के साथ रिश्ता। सर्वे में यह बात सामने आई कि वर्कलोड औऱ फ्लेक्सिबल टाइमिंग जैसे फैक्टर भी मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं, लेकिन सबसे ज्यादा मायने रखता है साथ काम कर रहे लोगों के साथ रिश्ता पॉजिटिव है या नहीं, अपने काम के साथ गर्व का भाव जुड़ा है या नहीं और वर्कप्लेस पर पूछ है या नहीं।

यह रिपोर्ट मेंटल हेल्थ से जुड़ी बहस को वर्क-लाइफ बैलेंस के पारंपरिक दायरे से आगे ले जाती है। इस मुद्दे को पर्सनल लाइफ और प्रफेशनल लाइफ के दो अलग-अलग खांचों में देखने की परिपाटी से अलग यह इस मसले पर संपूर्णता में विचार करती है जिससे यह तथ्य रेखांकित होता है कि मानसिक सेहत का मसला लोगों के साथ हमारे रिश्तों से जुड़ा है जो घर के भी हो सकते हैं और वर्कप्लेस के भी। वर्कप्लेस के जिन तनावों की बात अक्सर की जाती है, वे भी काफी हद तक सहकर्मियों के आपसी रिश्तों से निर्धारित होते हैं।

निश्चित रूप से वर्कप्लेस पर बढ़ते तनाव के मसले को एंप्लॉयी-एंप्लॉयर संबंधों से पूरी तरह काटकर नहीं देखा जा सकता। इसका एक सिरा काम के घंटों और एंप्लॉयी से एंप्लॉयर्स की अपेक्षाओं से भी जुड़ता ही है, लेकिन रिपोर्ट ने कई अन्य अहम पहलुओं की ओर ध्यान खींचा है जो अक्सर बहस में अनदेखे रह जाते हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि इससे वर्कप्लेस को बेहतर बनाने के प्रयासों में और मजबूती आएगी।

# देश के वर्कफोर्स में तेजी से बढ़ रही महिलाओं की भागीदारी : केंद्रीय मंत्री



**नई दिल्ली।** बीते कुछ वर्षों में भारत में वर्कफोर्स को लेकर महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। यह जानकारी केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने हाल ही में दी। उन्होंने बताया कि देश के वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी में पिछले छह वर्षों में तेजी आई है। महिला रोजगार पर राज्यसभा सांसद सागरिका घोष के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए, करंदलाजे ने उच्च सदन को बताया कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) और श्रम शक्ति भागीदारी दर (एलएफपीआर) में लगातार वृद्धि देखी गई है। 2017-18 में श्रमिक जनसंख्या अनुपात 22 प्रतिशत और श्रम शक्ति भागीदारी दर 23.3 प्रतिशत थी, जो कि 2023-24 में बढ़कर क्रमशः 40.3 प्रतिशत और 41.7 प्रतिशत तक पहुंच गई है। केंद्रीय मंत्री ने अपने लिखित जवाब में कहा, रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के साथ रोजगार की क्षमता में सुधार करना सरकार की प्राथमिकता है। सरकार ने देश के कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर कई पहल शुरू की हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने महिला श्रमिकों के लिए समान अवसर और अनुकूल कार्य वातावरण के लिए श्रम कानूनों में अनेक प्रावधान शामिल किए हैं। इनमें मातृत्व अवकाश, लचीले कार्य घंटे, समान वेतन आदि को शामिल किया गया है। इसके अलावा, केंद्र सरकार महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर और समग्र श्रम शक्ति भागीदारी दर को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं को पेश कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बजट में भी उद्योग के सहयोग से कामकाजी महिलाओं के लिए होस्टल स्थापित करने और कार्यबल में महिलाओं को भागीदारी बढ़ाने के लिए क्रेच को लेकर घोषणा की गई थी। उन्होंने कहा कि महिला श्रमिकों की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए सरकार महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों और क्षेत्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों के नेटवर्क के जरिए महिलाओं को ट्रेनिंग भी दे रही है।

# 'विकसित भारत' की यात्रा का हिस्सा बनने के लिए खनन क्षेत्र तैयार : जी. किशन रेड्डी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय खान मंत्रालय ने देश के अपतटीय क्षेत्रों में 13 खनिज ब्लॉकों की नीलामी का पहला चरण शुरू कर दिया है। सरकार का यह कदम समुद्र के नीचे खनिज संसाधनों की खोज और विकास में भारत के प्रवेश की एक ऐतिहासिक पहल के रूप में खास है। इस नीलामी का शुभारंभ खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और मंत्रालय के अन्य अधिकारियों ने किया। भारत के अपतटीय क्षेत्र में टेरिटोरियल वॉटर, कॉन्टिनेंटल शेल्फ, एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन और दूसरे समुद्री क्षेत्र शामिल हैं। पहले चरण के तहत कुल 13 ब्लॉकों की नीलामी की जाएगी, जिसमें रेत के निर्माण और चूना मिट्टी के लिए तीन-तीन ब्लॉक शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 13 में से सात ब्लॉक पॉलिमेटेलिक नोड्यूल होंगे। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने नीलामी की शुरूआत की सराहना करते हुए इस कदम को अपतटीय एक्सप्लोरेशन में एक नए युग की शुरूआत बताया। उन्होंने कहा कि यह भारत के एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन इंफ्रास्ट्रक्चर, इलेक्ट्रिक व्हीकल, रिन्यूएबल एनर्जी जैसे सेक्टर के लिए संसाधनों को जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जो भारत के आत्मनिर्भर बनने की राह में एक अहम कदम होगा। उन्होंने पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव को कम करते हुए सरकार के सस्टेनेबल खनन से जुड़े उद्देश्यों पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने अपतटीय खनिजों के शुभारंभ के बाद अपने संबोधन में कहा, ₹यह नीलामी और एक्सप्लोरेशन भारत की ब्लू इकॉनमी को अनलॉक करेगा और खनन क्षेत्र को विकसित भारत की यात्रा का हिस्सा बनने में मदद करेगा। कई देश अपतटीय खनन कर रहे हैं और अब भारत भी इसका हिस्सा होगा। व्यापार को आसान बनाने के लिए, खान मंत्रालय कई उपाय और संशोधन शुरू कर रहा है।

# भारत की जीडीपी विकास दरवित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत रही

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही का जीडीपी डेटा जारी किया। जुलाई से सितंबर तिमाही में जीडीपी विकास दर 5.4 प्रतिशत रही है। हालांकि, जीडीपी वृद्धि में दूसरी तिमाही में धीमापन देखने को मिला है। लेकिन, भारत अभी भी दुनिया की सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी विकास दर अनुमान 7.2 प्रतिशत निर्धारित किया है। वित वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की विकास दर 2.2 प्रतिशत, खनन और उत्खनन सेक्टर की विकास दर नकारात्मक -0.1 प्रतिशत, कृषि और उससे जुड़े सेक्टर की विकास दर 3.5 प्रतिशत और कंस्ट्रक्शन सेक्टर की विकास दर 7.7 प्रतिशत रही है।




ट्रेड, होटल, ट्रांसपोर्ट, कम्युनिकेशन और ब्रॉडकास्टिंग सर्विसेज की विकास दर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 6 प्रतिशत रही है। तृतीयक क्षेत्र की विकास दर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 7.1 प्रतिशत रही है। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में रियल ग्रॉस वैल्यू एडेड (जीवीए) में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में 6 प्रतिशत बढ़ा है। इस दौरान सरकारी अंतिम उपभोग व्यय में 4.4 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। देश की जीडीपी में निजी खपत की हिस्सेदारी 60 फीसदी है और विकास दर में तेजी भविष्य के लिए शुभ संकेत है। आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 के अप्रैल-अक्टूबर अवधि में राजकोषीय घाटा 7.51 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो कि पिछले साल 8.04 लाख करोड़ रुपये था। यह पूरे वित्त वर्ष के लक्ष्य 16.13 लाख करोड़ रुपये का 46.5 प्रतिशत है।


चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अक्टूबर अवधि में कुल व्यय 24.74 लाख करोड़ रुपये रहा है, यह वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में 23.94 लाख करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024-25 के अप्रैल से अक्टूबर के बीच कुल प्राप्तियां 17.23 लाख करोड़ रुपये रही है। यह पिछले साल समान अवधि में 15.91 लाख करोड़ रुपये थी।

# भारतीय शेयर बाजार शानदार तेजी के साथ हरे निशान में बंद, सेंसेक्स 759 अंक उछला



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को हरे निशान में बंद हुआ। इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में ही शानदार तेजी रही। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 759.05 अंक या 0.96 प्रतिशत की तेजी के बाद 79,802.79 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 216.95 अंक या 0.91 प्रतिशत की तेजी के बाद 24,131.10 पर बंद हुआ। निवेशकों की बेहतर धारणा और स्टॉक-विशिष्ट गतिविधियों के कारण घरेलू शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। कारोबारी सत्र की इस तेजी का नेतृत्व फार्मा शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक 148.75 अंक या 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 52,055.60 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 91.90 अंक या 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 56,392.65 पर बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 139.40 अंक या 0.75 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,650.95 पर बंद हुआ। बाजार के जानकारों के अनुसार, ₹घरेलू बाजार में लार्ज-कैप द्वारा संचालित रैली जारी रही। त्योहारी सीजन का लाभ उठाते हुए कुछ सेक्टर ने अच्छा प्रदर्शन किया। फार्मा और हेल्थकेयर क्षेत्रों में मजबूत आय और हाल के सुधारों के बाद मूल्यांकन में नरमी के कारण नए सिरे से वृद्धि देखी गई। उन्होंने आगे कहा कि भारत के दूसरी तिमाही सकल घरेलू उत्पाद में 6.5 प्रतिशत की अनुमानित गिरावट पहले ही दूसरी तिमाही की कॉरपोरेट आय में देखी जा चुकी है, जिसे बाजार ने कम कर आंका है। इस बीच, जापानी येन की मूल्य में वृद्धि के कारण वैश्विक भावना मंद रही। सेंसेक्स पैक में भारती एयरटेल, सन फार्मा, एमएंडएम, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स, एलएंडटी, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड और टाइटन टॉप गेनर्स थे। वहीं, पावर ग्रिड, नेस्ले इंडिया, एसबीआई और इंफोसिस टॉप लूजर्स रहे। निफ्टी सेक्टोरल इंडेक्स में फार्मा, हेल्थकेयर, कमोडिटीज, इंफ्रा, मीडिया, एनर्जी और ऑटो में खरीदारी रही। जबकि, पीएसयू बैंक और रियल्टी सेक्टर में बिकवाली देखी गई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,334 शेयर हरे निशान और 1,608 लाल निशान में बंद हुए। जबकि, 127 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## रोचक तथ्यों का करंट



- टमाटर लाइकोपीन में समृद्ध होते हैं, एक एंटीऑक्सिडेंट जो हृदय के लिए अच्छा होता है और कुछ कैंसर के खिलाफ प्रभावी होता है। कच्चे टमाटरों की तुलना में पके हुए टमाटर वास्तव में आपके लिए बेहतर होते हैं, क्योंकि अधिक फायदेमंद रसायनों को छोड़ दिया जाता है। टमाटर में विटामिन ए और सी, कैल्शियम, पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता हैं।
- न्यूट्रीकल्चर लिमिटेड, मावेस्ले, लंकाशायर, ब्रिटेन द्वारा उगाए गए पौधे जिसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड 11 मई 2000 के अनुसार सबसे लंबा टमाटर पौधा जो 65 फीट की ऊंचाई पर पहुंच गया था।
- साल 2012 में मिस्र की यात्रा के दौरान, हिलेरी क्लिंटन का टमाटर और जूते के साथ स्वागत हुआ।
- टमाटर कई अलग-अलग तरीकों से खाया जाता है।
- एक इतालवी एनजीओ ने जाम्बियाई लोगों को कृषि की कमी वाले उपजाऊ घाटी में टमाटर को कैसे विकसित करना है, स्थानीय लोगों को भुगतान करने और भोजन उगाने के लिए उन्हें सिखाने का फैसला किया। जब टमाटर बड़े और परिपक्व हो गए, तो 200 हिप्पो नदी से निकल आए और सबकुछ खा लिया।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

सिपाही ने मौका-ए-वारदात से थानेदार को फोन किया-जनाब, औरत ने अपने पति को गोली मार दी।
इंस्पेक्टर - क्यों?
सिपाही - क्योंकि आदमी पोंछा मारे हुए फर्श पर चढ़ गया था।
इंस्पेक्टर - गिरफ्तार कर लिया औरत को?
सिपाही - नहीं साहब, अभी पोंछा सूखा नहीं है।

---

दो समधी ड्रिंक करने बैठे-
लड़के का पिता- कितना पानी डालूं?
लड़की का पिता- नो वॉटर।
लड़के का पिता- क्यों?
लड़की का पिता- हमारे यहां बेटी के घर का पानी नहीं पीते। ये होते हैं संस्कार!

---

एक इंजीनियरिंग स्टूडेंट छत पर खड़ा था
तभी एक पड़ोसी : तो बेटा अब आगे क्या सोचा है?
स्टूडेंट- बस अंकल, टंकी भरते ही,
मोटर बंद कर दूंगा।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# पुरुष टी20 क्रिकेट में दिल्ली ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड

## टीम के सभी 11 खिलाड़ियों ने गेंदबाजी में आजमाया हाथ

**मुंबई, 29 नवंबर।** दिल्ली पुरुष टी20 क्रिकेट के इतिहास में एक अनोखी उपलब्धि हासिल करते हुए पहली टीम बन गई, जिसने शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम में मणिपुर के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच के दौरान गेंदबाजी के लिए सभी 11 खिलाड़ियों का इस्तेमाल किया।



क्रिकेट जगत में रोजाना कई रिकॉर्ड बनते हैं, तो कई टूटते भी हैं। लेकिन कभी कुछ ऐसे अनोखे रिकॉर्ड बनते हैं, जो हर किसी को हैरान कर देता है।

ऐसा ही कुछ पहले कभी न देखी गई रणनीति के तहत आयुष बदौनी की अगुवाई वाली दिल्ली ने यह सुनिश्चित किया कि पहले गेंदबाजी करने के लिए कहे जाने के बाद मैदान पर मौजूद उसके सभी खिलाड़ी कम से कम एक ओवर गेंदबाजी करें, जिससे एक पारी में अधिकतम 9 गेंदबाजों का उपयोग करने वाली टीम का पिछला रिकॉर्ड टूट गया।

हर्ष त्यागी और दिग्वेश राठी ने दो-दो विकेट लिए, जबकि बदौनी, आयुष सिंह और प्रियांश आर्य ने एक-एक विकेट लिया। उन्होंने अपनी शानदार गेंदबाजी का नमूना पेश किया। मयंक रावत, हिम्मत सिंह और अनुज रावत को कोई विकेट नहीं मिला और वे महंगे साबित हुए।

उनका इकॉनमी रेट 10 से अधिक रहा। उन्होंने मणिपुर को 120/8 पर रोक दिया। जवाब में, दिल्ली ने सलामी बल्लेबाज यश ढुल के नाबाद 59 रनों की बदौलत 19 ओवर में छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

एक समय उसका स्कोर 44/4 था। दिल्ली ग्रुप सी में है और उसने लगातार चार मैच जीते हैं। उसके पास अभी 12 अंक हैं और वह हरियाणा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश से आगे है। ये सभी 8 अंकों के साथ बराबरी पर हैं।

# टिम डेविड आरसीबी में वापसी से उत्साहित

## टिम ने आईपीएल करियर की शुरुआत 2021 में आरसीबी के साथ की थी

**नई दिल्ली, 29 नवंबर।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर टिम डेविड ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में फिर से शामिल होने को लेकर अपना उत्साह साझा किया और टीम के साथ रोमांचक यादें बनाने की उम्मीद जताई। सिंगापुर में जन्मे और ऑस्ट्रेलिया में पले-बढ़े डेविड को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जेद्दा में आईपीएल 2025 की नीलामी में 3 करोड़ रुपये में साइन किया। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने अपने आईपीएल करियर की शुरूआत 2021 में आरसीबी के साथ की थी, उसके अगले साल मुंबई इंडियंस में शामिल हुए।




डेविड ने आईएएनएस से कहा, मैं इस साल आरसीबी के लिए खेलने को लेकर वाकई उत्साहित हूं। मैंने कुछ दोस्तों से संपर्क किया है, कुछ कोचिंग स्टाफ के साथ पहले काम किया है और जाहिर तौर पर यह वहां का शानदार मैदान है, खासकर पावर हिटर्स के लिए, इसलिए मुझे उम्मीद है कि वहां भी कुछ रोमांचक यादें बनेंगी। 28 वर्षीय इस बड़े हिटर ने अपना करियर 20 ओवर के प्रारूप को समर्पित कर दिया है। उन्होंने एमआई एमिरेट्स, एमआई न्यूयॉर्क, एमआई केप टाउन, होबार्ट हरिकेंस, लाहौर कलंदर्स, पर्थ स्कॉर्चर्स, सदर्न ब्रेव्स, सेंट लूसिया किंग्स और दुनिया भर के अन्य फ्रेंचाइज टूर्नामेंटों में खेला है।

दुनिया भर में फ्रेंचाइज प्रतियोगिताओं में खेलने के अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा, अब बहुत से खिलाड़ी बहुत से फ्रेंचाइज टूर्नामेंटों में खेल रहे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि मैंने उनमें से बहुत से टूर्नामेंटों में खेला है, और शायद सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आप अपने साथियों के साथ कैसे काम करते हैं।" कभी-कभी जब आप किसी नई टीम के साथ खेल रहे होते हैं, तो आपके पास नए साथी, नया कोचिंग स्टाफ, अलग फ्रेंचाइज हो सकते हैं, और फिर जाहिर है कि जिस देश में आप खेल रहे हैं, वह परिस्थितियों को प्रभावित करता है। इसलिए नए देश में रन बनाने का सफल तरीका आजमाने और काम करने में सक्षम होना, वह भी ऐसी ही परिस्थितियों में।

अंतरराष्ट्रीय टी20 फ्रेंचाइज लीग में, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज सबसे ज्यादा मांग वाले खिलाड़ियों में से एक है। सबसे छोटे प्रारूप में 254 मैचों में, उन्होंने 159.79 की स्ट्राइक रेट से 4872 रन बनाए हैं।

आईपीएल में, डेविड ने 170 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से 659 रन बनाए हैं। डेविड, जो वर्तमान में अबू धाबी टी10 में दिल्ली बुल्स के लिए खेल रहे हैं, ने टी10 प्रारूप में फि निशर की भूमिका पर अपनी राय दी और कहा, टी10 में, देखिए, आप बस जितना जल्दी हो सके उतने रन बनाने की कोशिश करते हैं। तो हां, आपके पास खेल का अंत जल्दी होता है; यह केवल आधे ओवर हैं, इसलिए मुझे लगता है कि प्रारूप के अनुसार खेलने के अपने तरीके का अभ्यास करना अच्छा है।

# कैनबरा में प्रैक्टिस के लिए उतरे शुभमन गिल

### पिंक बॉल टेस्ट से पहले टीम इंडिया के लिए अच्छी खबर

**कैनबरा, 29 नवंबर।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज अब तक भारतीय टीम के लिए अच्छी रही है। पर्थ टेस्ट जीतने के बाद टीम इंडिया का काफिला एडिलेड की ओर रवाना हो चुका है। भारतीय फैंस के लिए राहत की खबर यह है कि कप्तान रोहित शर्मा की वापसी हो चुकी है, जबकि चोटिल शुभमन गिल की वापसी के संकेत सामने आए हैं। भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल ने शुक्रवार को कैनबरा में टीम के अभ्यास सत्र में बल्लेबाजी में वापसी की। बाएं अंगूठे की चोट के कारण वह पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले से बाहर रहे थे।

भारत के शनिवार और रविवार को मनुका ओवल में प्रधानमंत्री इलेवन के खिलाफ खेले जाने वाले दो दिवसीय अभ्यास मैच से पहले गिल ने बल्लेबाजी सत्र में थ्रोडाउन का सामना लिया। 30 मिनट तक इसका सामना करने के बाद, उन्होंने थोड़ी देर के लिए प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप और यश दयाल का सामना भी किया, जिससे गिल के 6 दिसंबर से एडिलेड ओवल में शुरू होने वाले दूसरे गुलाबी गेंद टेस्ट में संभावित वापसी के पहले संकेत मिले। बीसीसीआई ने 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट किया है, इसमें गिल ने कहा, चोट के बाद अभ्यास का यह मेरा पहला दिन था। मैं बस यह जानने की कोशिश कर रहा था कि चोट कितनी ठीक हुई है, क्या खेलने पर मुझे किसी तरह की तकलीफ या दर्द हो रहा है। लेकिन यह वास्तव में मेरी और कमलेश भाई (जैन, भारतीय टीम के फिजियो) की उम्मीद से कहीं बेहतर रहा और मैं इससे बहुत खुश हूं।

उनकी अनुपस्थिति में देवदत्त पडिक्कल को भारत 'ए' की ओर से टीम में शामिल किया गया। उन्होंने 0 और 25 रन बनाए, जिससे भारत ने 295 रनों से जीत हासिल की और पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल की। गिल ने कहा, अभ्यास सत्र के दौरान जब मुझे चोट लगी थी, तो मैं काफी निराश था। पर्थ एकमात्र ऐसा मैदान है, जहां पिछली बार आने पर मैंने नहीं खेला था। मैं वहां खेलने के लिए उत्सुक था, क्योंकि यह एक प्रतिष्ठित मैदान है। लेकिन जिस तरह से हमने वह मैच खेला और मैच के अंत तक पकड़ बनाई रखी, मैं यह देखकर काफी खुश था।



# मेगा नीलामी में आरसीबी की स्ट्रेटेजी समझ से परे

## कप्तान के रूप में विराट का हो सकता है कमबैक!




**नई दिल्ली, 29 नवंबर।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु एक ऐसी आईपीएल फ्रेंचाइजी है जिनके फैंस की मिसाल दुनिया देती है। 15 सीजन बीत जाने के बावजूद यह टीम एक बार भी चैंपियन नहीं बनी, लेकिन उनके फैंस हमेशा अपनी टीम के सपोर्ट में रहे। सोशल मीडिया पर भी इस टीम की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। हर सीजन आरसीबी को फैंस का तगड़ा सपोर्ट मिलता है, लेकिन आज तक ये फ्रेंचाइजी आईपीएल की ट्रॉफी नहीं जीत पाई है। हर ऑक्शन में आरसीबी फैंस को हैरान कर देती है। इस बार भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला।

पिछले सीजन में टीम की कप्तानी कर रहे फाफ डु प्लेसिस को टीम ने न ही रिटेन किया और न ही ऑक्शन में वापस साथ में लाने की कोशिश की। आईपीएल इतिहास में आरसीबी फैंस की चहेती टीमों में से एक रही है। मगर दुर्भाग्य से वह एक बार अपने खराब प्रदर्शन की वजह से ट्रोलिंग का शिकार होती है। आरसीबी ने तीन बार 2009, 2011 और 2016 में फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन आखिरी पड़ाव पार नहीं कर पाई।

> **टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली भी अब तक बतौर कप्तान ट्रॉफी का स्वाद नहीं चख पाए हैं। हालांकि, चाहे टीम इंडिया की बात हो या आईपीएल टीम आरसीबी उन्होंने सभी टीमों की कमान बहुत पहले ही छोड़ दी, लेकिन कुछ रिपोर्ट्स का मानना है कि अपने करियर के अंतिम पड़ाव में कोहली एक बार फिर आरसीबी की कप्तानी संभाल सकते हैं।**

टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली भी अब तक बतौर कप्तान ट्रॉफी का स्वाद नहीं चख पाए हैं। हालांकि, चाहे टीम इंडिया की बात हो या आईपीएल टीम आरसीबी उन्होंने सभी टीमों की कमान बहुत पहले ही छोड़ दी, लेकिन कुछ रिपोर्ट्स का मानना है कि अपने करियर के अंतिम पड़ाव में कोहली एक बार फिर आरसीबी की कप्तानी संभाल सकते हैं। इसकी वजह है कि नीलामी के बाद आरसीबी की टीम में अनुभव और कप्तान की भूमिका बखूबी निभाने वाले खिलाड़ियों की कमी।

नीलामी के दौरान भी आरसीबी की रणनीति हैरान करने वाली थी, जिन टीमों को कप्तान की तलाश थी उन्होंने शुरूआती दौर में ही मोटी रकम खर्च कर बड़े नामों को अपनी टीम में शामिल कर लिया। जबकि, इस दौरान आरसीबी गहरी सोच में नजर आई। हालांकि, उनकी रणनीति सफल हुई या नहीं ये तचो आने वाला समय ही बताएगा लेकिन इसके साथ ही एक बड़ा सवाल ये भी होगा कि क्या विराट कोहली एक बार फिर कप्तान बनने के लिए तैयार होंगे या आरसीबी किसी नए नाम से हर किसी को सरप्राइज करने वाली है।

# मौका मिला तो बो वेबस्टर ऑस्ट्रेलिया के लिए शानदार रहेंगे: कुहनेमैन

**नई दिल्ली, 29 नवंबर ।** मैथ्यू कुहनेमैन का मानना है कि शेफील्ड शील्ड टीम में उनके साथी तस्मानिया के बो वेबस्टर को मौका मौका मिला तो वह आस्ट्रेलिया के लिए अच्छा प्रदर्शन करने का मौका भुनाएंगे। मिचेल मार्श की फिटनेस को लेकर चिंताओं के बीच वेबस्टर को भारत के खिलाफ आगामी पिंक-बॉल टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। यह अनकैप्ड ऑलराउंडर अगले सप्ताह एडिलेड में टीम से जुड़ेगा।



उन्हें भारत ह्यएह्व के खिलाफ दो मैचों की सीरीज सहित लाल गेंद क्रिकेट में उनके हाल के अच्छे प्रदर्शन के बाद टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने इस साल शेफील्ड शील्ड में 50.50 की औसत से 303 रन बनाए हैं और नौ विकेट भी लिए हैं।

कुहनेमन ने एसईएनक्यू ब्रेकफास्ट से कहा, मुझे लगता है कि इस समय बो के पास बेहतरीन हाथ है, बल्ले और गेंद दोनों से ही वह मैदान में शानदार प्रदर्शन कर सकते हैं। वह मैदान के बाहर भी बेहतरीन खिलाड़ी हैं, इसलिए अगर बो को मौका मिलता है, तो मुझे यकीन है कि वह इसे दोनों हाथों से लेंगे और ऑस्ट्रेलिया के लिए शानदार प्रदर्शन करेंगे।

वह ऑस्ट्रेलिया ए के लिए 72.50 की औसत से 145 रन बनाकर दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने 20 से कम की औसत से सात विकेट भी लिए। कुल मिलाकर, 30 वर्षीय ऑलराउंडर ने अपने करियर में 5000 से ज्यादा प्रथम श्रेणी रन बनाये हैं और करीब 150 प्रथम श्रेणी विकेट लिए हैं। कुहनेमैन ने कहा, जब भी आपको विकेट या रन की जरूरत होती है, तो वह हर बार अपना हाथ आगे बढ़ाता है। शील्ड क्रिकेट में टैसी के लिए पिछले कुछ सीजन में जिस तरह से उसने खेला है, वह अविश्वसनीय है।

# वियान मुल्डर श्रीलंका के खिलाफ बाकी बचे टेस्ट मैचों से किए गए बाहर



डरबन, 29 नवंबर। श्रीलंका के खिलाफ डरबन में चल रहे पहले टेस्ट मैच के बाकी बचे मैच और गेकेबरहा में होने वाले अगले मैच में ऑलराउंडर वियान मुल्डर नहीं खेलेंगे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने 5 दिसंबर से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच के लिए बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके को मुल्डर की जगह टीम में शामिल किया है। 24 वर्षीय मुल्डर ने पिछले महीने बांग्लादेश के खिलाफ मीरपुर में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था।

मुल्डर को डरबन में पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन बल्लेबाजी करते समय लाहिरू कुमारा की 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आई गेंद हाथ पर लगने के बाद चोट लगी थी। मुल्डर काफी दर्द में थे और दोबारा बल्लेबाजी करने से पहले उन्होंने कुछ समय लिया। लेकिन दर्द में मैदान से बाहर जाने से पहले उन्होंने सिर्फ दो और गेंदें खेलीं। उसी सत्र में, जब दक्षिण अफ्रीका के नौ विकेट 145 रन पर गिर चुके थे, तब वे दोबारा बल्लेबाजी करने आए। उन्होंने और कैगिसो रबाडा ने अंतिम विकेट के लिए 26 रन जोड़े, जिसमें मुल्डर ने धनंजय डी सिल्वा की गेंद पर छक्का भी लगाया। इसके बाद लंच ब्रेक के दौरान लिए गए एक्स-रे से पता चला कि चोट कितनी गंभीर है, जिसके कारण अब वे दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे।

# महिला प्रीमियर लीग 2025 सीजन की छोटी नीलामी 15 दिसंबर को बेंगलुरु में

नई दिल्ली, 29 नवंबर। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 सीजन की छोटी नीलामी 15 दिसंबर को बेंगलुरु में होगी। छोटी नीलामी में इंग्लैंड की कप्तान हीदर नाइट, न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज लिया ताहुहु, वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर ड्रिएंड्रा डॉटिन कुछ बड़े अंतर्राष्ट्रीय नाम होंगे। वहीं भारतीयों में स्नेह राणा, लेग स्पिनर पूनम यादव और बल्लेबाज वेदा कृष्णमूर्ति होंगी। टीम बनाने के लिए पांचों फ्रेंचाइजी के पास होगा 15 करोड़ का बजट, पिछली बार 13.5 करोड़ था बजट।



2023 और 2024 सीजन की रनरअप दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी मेग लैनिंग के पास है और इनके पास सबसे छोटा 2.5 करोड़ का बजट है। वहीं पिछले दो सीजन में सबसे नीचे रहने वाली गुजरात जायंट्स के पास सबसे अधिक 4.4 करोड़ का पर्स है। उन्होंने अपनी टीम से सात खिलाड़ी बाहर किए हैं और वे नई टीम बनाने को देख रहे हैं।

मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पास भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना और न्यूजीलैंड की टी20 विश्व कप विजेता कप्तान सोफी डिवाइन हैं, उन्होंने भी सात खिलाड़ी रिलीज किए हैं। आरसीबी के पास 3.25 करोड़ का बजट है।

नवंबर की शुरूआत में प्री-सीजन ट्रेड विंडो में एकमात्र खिलाड़ी डैनी व्याट ही एकमात्र खिलाड़ी रही जो ट्रांसफर हुई, जहां आरसीबी ने उनको कैश ट्रेड में यूपी वारियर्स (यूपीडब्ल्यू) से लिया। पिछले सीजन चौथे स्थान पर रही यूपीडब्ल्यू के लिए व्याट पिछले साल एक भी मैच नहीं खेली।

पहला डब्ल्यूपीएल सीजन पूरा मुंबई में खेला गया था। जबकि दूसरा सीजन बेंगलुरु और दिल्ली में खेला गया था। बीसीसीआई इसी मॉडल को आगे बढ़ाने की इच्छुक है जिससे धीरे-धीरे नए वेन्यू को जोड़ा जाएगा। वहीं बोर्ड घर और बाहर के फॉर्मेट को लाने का भी इच्छुक है।

तीसरे सीजन में पांच टीम फरवरी-मार्च 2025 के बीच तीन सप्ताह में खेलेंगी जबकि 2026 में जनवरी-फरवरी में टूर्नामेंट होगा।

# अगर रोहित ओपन करते हैं तब भी राहुल को नंबर तीन से नीचे बल्लेबाजी नहीं करनी चाहिए : पुजारा

**नई दिल्ली, 29 नवंबर।** पर्थ में जीत के बाद भारत को अब एडिलेड में डे नाइट टेस्ट मैच खेलना है, जहां कप्तान रोहित शर्मा भी टीम में वापसी करेंगे। अगर सबकुछ सही रहता है तो हम शुभमन गिल को भी खेलते देख सकते हैं। ऐसे में भारतीय बल्लेबाजी क्रम को लेकर दुविधा की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। हालांकि चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी के साथ छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए।

पुजारा ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से बातचीत के दौरान कहा, मुझे लगता है अगर हम उसी बल्लेबाजी क्रम के साथ जा सकें, मसलन राहुल और जायसवाल पारी की शुरूआत करें, रोहित तीन नंबर पर आएं और गिल पांच नंबर पर आएं। अगर रोहित ओपन करना चाहते हैं तब राहुल को नंबर तीन से नीचे नहीं खेलना चाहिए। मुझे लगता है राहुल को शीर्ष क्रम में ही खेलना चाहिए, क्योंकि उन्हें वहां खेलना रास आता है। और मैं उम्मीद करता हूं हम इस चीज के साथ छेड़छाड़ नहीं करेंगे।





ऐसा भी हो सकता है कि पहले मैच में शून्य और 25 रन बनाने वाले देवदत्त पड़िक्कल बाहर जाएं। लेकिन रोहित और जायसवाल पारी की शुरूआत करते हैं, राहुल नंबर तीन और विराट कोहली नंबर चार पर खेलते हैं तब अगर गिल फि ट हो जाते हैं तो उन्हें कहां बल्लेबाजी करनी चाहिए?

नंबर पांच पर, क्योंकि अगर दो विकेट जल्दी गिर जाते हैं तब वह नई गेंद का भी सामना कर सकते हैं। लेकिन अगर उनकी बाद में बल्लेबाजी आती है, मसलन 25-30 ओवर के बाद तो वह अपने शॉट्स भी खेल सकते हैं। अगर तीन विकेट जल्दी गिर जाते हैं तब गिल बल्लेबाजी के लिए आकर ऋषभ पंत को नई गेंद से बचा सकते हैं। मैं नहीं चाहूंगा कि वह तब बल्लेबाजी के लिए आएं जब गेंद सख़्त और नई हो।

तब ऐसी स्थिति में पंत पर्थ की तुलना में एक पायदान नीचे बल्लेबाजी के लिए आ सकते हैं और ध्रुव जुरेल को भारतीय टीम से बाहर होना पड़ सकता है। अब वॉशिंगटन सुंदर और नितीश रेड्डी की बारी आती है।

# पुलिस ने 200 प्रतिबंधित तोते बरामद किए

## रोडवेज बस में तस्करी कर जयपुर ले जाए जा रहे थे, दोनों आरोपी फरार

● वन विभाग की टीम द्वारा सिटी फॉरेस्ट गाजियाबाद में तोतों को रिलीज करने की कार्रवाई की गई



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के वेव सिटी थाना क्षेत्र में रोडवेज बस से तस्करी करके ले जाए जा रहे 200 तोते पुलिस ने बरामद किए हैं। पीपल फॉर एनिमल और वन विभाग की टीम साथ में थी। तोतों की स्वास्थ्य की जांच की गई है। स्वस्थ पाए जाने पर उनको सिटी फॉरेस्ट में रिलीज किया जा रहा है।

हालांकि तस्करी कर रहे दोनों तस्कर फरार है। मेनका गांधी की संस्था पीपल फॉर एनिमल के अधिकारी सौरव ने बताया कि सूचना मिलने पर गाजियाबाद की वेव सिटी थाना क्षेत्र से करीब 200 प्रतिबंधित तोतों को बरामद किया गया है। पुलिस ने तोतों को बरामद करते हुए वन विभाग को सौप दिया है। क्षेत्रीय वन अधिकारी निमी कूचियां ने बताया कि वन विभाग की टीम तोतों को गाजियाबाद के सिटी फॉरेस्ट लेकर पहुंची है। जहां पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद द्वारा भेजे गए चिकित्सक के माध्यम से तोतों की जांच की गई है। तोता स्वस्थ पाए गए हैं जिसके बाद वन विभाग की टीम द्वारा सिटी फॉरेस्ट गाजियाबाद में तोतों को रिलीज करने की कार्रवाई की गई है।

इस संबंध में गाजियाबाद के थाना वेव सिटी में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। फिलहाल आरोपी फरार हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। फॉरेस्ट के अधिकारियों का कहना है की तस्करी करने के लिए जयपुर तोतों को लेकर जाया जा रहा था। लेकिन पुलिस अभी इस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि आखिर तोता कहां से ले जा रहे थे और कहां इन्हें तस्करी करके भेजना था इसकी जानकारी की जा रही है जल्द दोनों फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# हवा में जहर घोल रही आतिशबाजी, शादी समारोह में पटाखे चले तो बैंक्वेट संचालक पर होगी कार्रवाई

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद की हवा में पटाखों से निकलने वाल जहरीले कण मिले हैं। आजकल शादियों का सीजन है। शादी समारोह के दौरान होने वाली आतिशबाजी ने ही शहर की हवा का यह हाल किया है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने गाजियाबाद की हवा खराब करने वालों पर अंकुश लगाने के लिए कमर कस ली है। विभाग की ओर से रात में निरीक्षण के लिए टीमें गठित की गई हैं।

### ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू हैं

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी विकास मिश्रा ने कहा है कि हवा में आतिशबाजी के जहरीले कण मौजूद हैं। ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू हैं, ऐसे में आतिशबाजी होना कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। विभाग की टीम अब रात में गश्त करेगी और यदि किसी शादी समारोह में आतिशबाजी होती पाई गई तो संबंधित बैंक्वेट हाल संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### आतिशबाजी से निकलने वाले जहरीले कण

आतिशबाजी के दौरान सल्फर डाई ऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, कार्बन मोना ऑक्साइड जैसी गैसों के साथ ही सीसा, टाइटेनियम, स्ट्रोंटियम, तांबे, कैडमियम, सल्फर, एल्यूमीनियम और बोरियम के जहरीले कण भी निकलते हैं। यह कण हवा में घुलकर उसे जहरीली बना देते हैं। धातुओं के यह कण आतिशबाजी की रोशनी को रंगीन करने के लिए मिलाए जाते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक यह हानिकारक तत्व वायु प्रदूषण बढ़ाते हैं और सांस के जरिए फेफड़ो तक पहुंचकर कई बीमारियों का कारण बनते हैं। तांबे से उत्पन्न नीला रंग श्वसन तंत्र में जलन पैदा करता है।

### बैंक्ववेट संचालकों को दिए निर्देश

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से शहर के सभी बैंक्वेट हॉल संचालकों को निर्देश जारी किए गए हैं कि शादी समारोह के दौरान किसी तरह की आतिशबाजी न होने दें। यदि किसी समारोह के दौरान आतिशबाजी होती पाई गई तो संबंधित बैंक्वेट संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्रीय अधिकारी विकास मिश्रा ने बताया कि रात में निरीक्षण के लिए टीमें गठित की गई हैं।

### धीरे- धीरे फिर बढ़ रहा एक्यूआई

गाजियाबाद की हवा सीवियर होने के बाद सांस का संकट खड़ा हो गया था। ग्रैप-4 लागू होने के बाद पाबंदियां बढ़ने और हवा की गति बढने से प्रदूषण स्तर कम हो गया और लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन अब फिर धीरे- धीरे गाजियाबाद की हवा खराब हो रही है और एक्यूआई बढ़ रहा है।




### जमानत जब्त होने का मिला ईनाम लाला जी को मिली सिटी कमान

नीले हाथी ने भी कमल वालों की नगरी में कमाल ही काट रखा है। साईकिल वालों के यहां तो इसी बात पर ढोल बज रहा है कि लो जी जमानत भी बच गई और हम रनरअप भी रहे हैं। मगर असली गर्दा तो हाथी वालों के यहां कटा हैं। जिले के महावत तो इसी बात पर चेंज हो गये कि इतना पूअर रिजल्ट, क्यों नही मिले दलित और कहां गया वो मुस्लिम वोट। राम कसम कोई दया नही कोई सेन नही और सीन महावत चेंज वाला हो गया मगर एक कहानी में दो किरदार पहली बार दिखे। एक महावत तो इसलिये हटा दिये गये कि नतीजा ठीक नही रहा मगर जिस दूसरे महावत का ऐसा फजीता हुआ कि जमानत भी जब्त हो गई। जिनकी जमानत जब्त हुई उनकी ताजपोशी हो गई। हाथी वाले ही दबी जुबान से पूछ रहे हैं कि ये बैलेंस एडजस्ट ऑफ पेमेंट किया है, नया एक्सपेरीमेंट किया है, कुछ पता तो चले कि क्या किया है। वो पूछ रहे हैं कि जिले वालों की खता क्या थी और लाला जी को क्या अपनी जमानत जब्त होने का ईनाम मिला है।

### साहब के बाद चपरासी का वेतन है उस महकमें में सबसे ज्यादा

उस महकमें में सबका ही विकास हुया है मगर यहां का एक रोचक किस्सा भी है। ये ऐसा महकमा हैं जिसमें शिकायत करने वाले भी खा कमा रहे हैं और आरटीआई वाले भी। राम वालों की बात हैं और एकदम सिद्व है कि यही महकमा ऐसा है जिसमें या तो आईएएस का वेतन ज्यादा है और दूसरे नबंर पर इसी महकमें का चपरासी आता हैं। राम ने ये बात सिद्व कर दी है कि चपरासी भी पे रोल पर अमीर वाले रोल में दिख रहा है। हालाकिं साहब वेतन के मामलें में चपरासी से बहुत आगे चल रहे हैं मगर चपरासी भी रेस में बाकियों को पछाड़ रहा है और अस्सी हजार की पगार हर महीने ले रहा है।

### हम नही करते चर्चा मगर साहब हमारा बहुत ज्यादा है खर्चा

वो ऐसा विभाग है जहां प्रतिदिन एक खोखा भुगतान वाले सीन में रहता है। लोचा ही इस बात को लेकर हुया कि हैल्थ वालों से लेकर निर्माण वालों का भुगतान हो गया और हमारे बारे में नही सोचा। लिफाफे सिस्टम पर साहब ने लॉक लगा दिया । साहब ने जब अपने अडंर वालों को भी ईमानदार होने के लिये कहा तो सुना है कि उन्होने हाथ जोड़ लिये। बता दिया कि साहब हम किसी से चर्चा नही करतें लेकिन हमारे पास बहुत आब्लीगेशन होते हैं। आप तो जानते हैं कि पकौड़े तो तेल में ही तले जायेगें और साहब अगर हम नही लेगें तो क्या अपना वेतन यहां लुटा कर घर जायेगें। साहब हम चर्चा ही तो नही करते मगर आपको तो पता है कि खर्चा बहुत हैं इसलिये हम तो लेगें ही लेगें।

# जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

## 5 घायल, जमीन की पैमाइश को लेकर हुआ था विवाद



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ के हाफिजपुर थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में ईंट-पत्थर चलने के बाद मारपीट हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

जानकारी के अनुसार गांव बडौदा सिहानी में पिछले कई माह से ग्राम समाज सहित अन्य जमीन की पैमाइश को लेकर विवाद चल रहा है। गांव निवासी परवेज की शिकायत पर एक सप्ताह पूर्व गांव के ही मुस्तकीम के मकान की पैमाइश की गई थी। इसके बाद मुस्तकीम ने परवेज पर ग्राम समाज की जमीन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। गुरुवार को नायब तहसीलदार दिव्यांशी सिंह के नेतृत्व में जांच दल ने परवेज के मकान की पैमाइश की थी। इसके बाद कानूनगो मांगे राम ने दोनों पक्षों को तहसील कार्यालय स्थित अपने कमरे में बुलाया।

आरोप है कि इस दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष से ग्राम प्रधान नजाकत के भाई सलामत, गुलजार और इमानुल हक घायल हो गए थे। जिसके बाद रउद्द ने कार्रवाई के आदेश दिए थे।

### पथराव के बाद हुई अफरा-तफरी

सुबह शुक्रवार को जमीनी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। इसी दौरान एक पक्ष ने पथराव शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मारपीट व पथराव का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। थाना प्रभारी आशीष कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। तहरीर आने पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर से साइबर ठगी, मुंबई से ईरान जा रहे कोरियर में ड्रग होने को लेकर महिला को डराया






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में रहने वाली सॉफ्टवेयर इंजीनियर महिला को साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट कर लिया। महिला को डराया गया कि उनके आधार कार्ड से एक कूरियर मुंबई से ईरान जा रहा है। महिला को दो लोगों ने ठगा।

पहले व्यक्ति ने खुद को कोरियर कंपनी फेडेक्स से बताया फिर उसी ने टेलीग्राम के जरिए मुंबई क्राइम ब्रांच तैनात व्यक्ति से कराई। इंदिरापुरम पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जान शुरू कर दी है। चौंकाने वाली बात यह है कि महिला ने डिजिटल अरेस्ट रहते हुए ही ऑनलाइन लोन लेकर पैसे दिए।

### 1 लाख 38 हजार रुपए ठग लिए

गाजियाबाद में एडीसीपी क्राइ सच्चिदानंद ने बताया की थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में रहने वाली महिला ने इंदिरापुरम थाने में साइबर ठगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जिसमें वह डिजिटल अरेस्ट रही थी। महिला ने 138000 ठगे जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने शिकायत में बताया है कि उसके पास अश्वनी राव नाम से फोन आया उसने खुद को फेडेक्स कंपनी में बताया।

अश्वनी ने महिला को बताया कि उनके आधार कार्ड के नंबर का प्रयोग करके एक कूरियर मुंबई से ईरान भेजा जा रहा है जिसमें ड्रग्स है। इसके बाद उसने इसकी शिकायत करने के नाम पर टेलीग्राम के जरिए विक्रम नाम के एक व्यक्ति से बात करवाई जिसे खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच में बताया। विक्रम ने महिला को बताया कि महिला के आधार कार्ड से 55 बैंक खातों से मनी लॉन्ड्रिंग की जा रही है जिसमें मोहम्मद अली नाम का एक बदमाश शामिल है। साथ ही इनको डराया गया की काल के दौरान किसी और की आवाज या वीडियो पर नहीं दिखना चाहिए।

इसके बाद डरी और परेशान महिला ने दोनों ठगों के अनुसार चलना शुरू कर दिया। ठगों ने महिला से उसके बैंक से 97 हजार रुपए का लोन ऑनलाइन लेने के लिए कहा जैसी वह लोन सैंक्शन हुआ उसके बाद वह किसी अकाउंट में मंगवा लिया गया। उसके बाद महिला के सेविंग अकाउंट से 41700 एक खाते में ट्रांसफर करवाए गए महिला करीब 1 घंटे डिजिटल अरेस्ट रही।

### मीरपुर हिन्दू के ग्राम प्रधान के साथ मारपीट

**लोनी, करंट क्राइम।** मीरपुर हिन्दू गांव में दबंगों ने ग्राम प्रधान के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की तथा चाकू से वार कर घायल कर दिया। इस दौरान ग्राम प्रधान की सोने की चेन भी खो गई। आरोप था कि दबंगों द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जे का प्रयास किया जा रहा था। जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान ने एसडीएम से की थी। लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर दबंगों का निर्माण कार्य रूकवा दिया था तथा जैसे ही भूमि की पैमाइश शुरू की दबंगों ने ग्राम प्रधान पर हमला बोल दिया। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है। एसडीएम लोनी राजेन्द्र शुक्ला का कहना है कि ग्राम प्रधान की शिकायत पर लेखपाल को मौके पर निरीक्षण के लिए भेजा गया था। राजस्व विभाग की टीम मौके पर पैमाइश नहीं कर रही थी, लेखपाल के मौके से वापस लौटने के बाद दबंगों ने ग्राम प्रधान के साथ मारपीट की है।




### जिनको मिला है चार्ज, वो चला रहे हैं क्लास

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में इन दिनों एक एसआई के नाम की चर्चा कई जोन में सुनाई दे रही है। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद बताया जा रहा है कि गुरुवार की देर रात आई एक तबादला लिस्ट में एक ऐसा नाम भी शामिल है, जो अपनी ईमानदारी और वर्किंग की वजह से पोस्टिंग वाली सीट तक पहुंचा बताया जा रहा है। इसी के साथ पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के विश्वसनीय सूत्रों ने जानकारी दी है कि जिनको चार्ज मिला है, वह वर्तमान में पुलिसकर्मियों की एक जनपद में क्लास ले रहे हैं। देखना होगा कि उनकी पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में वापसी कब होती है और कब वह थाने की हॉट सीट संभालते हैं। सूत्रों ने बताया है कि वैसे तो उनके बैच के अधिकांश लोगों की रवानगी वाले आदेश बहुत दिन पहले ही आ चुके हैं लेकिन अभी उस बैच के बेस्ट फेस कमिश्नरेट से जुड़े हुए हैं। टू-स्टार को मिला थाने का जिम्मा भी इस बात की गवाही दे रहा है कि भले बैच के लोगों के जाने के आदेश हो रहे हों लेकिन वर्किंग वालों की सर्चिंग कभी खत्म नहीं होती और वह राइट प्लेस पा ही जाते हैं। सूत्रों ने बताया है कि वर्तमान में टू-स्टार



एक जनपद में पुलिसकर्मियों को पुलिसिंग से लेकर अन्य ट्रेनिंग देने का काम कर रहे हैं। जानकारी मिली है कि गाजियाबाद की लिस्ट में उनका नाम आने के बाद यह सूचना उस पुलिस कॉलेज में भी भेज दी गई है, जहां पर वह क्लास देने का काम कर रहे हैं। वहीं बताया जा रहा है कि टू-स्टार एक से दो दिन के भीतर नदिया पार के खास थाने का चार्ज संभाल लेंगे। वैसे उनके इलाके वाले डीसीपी से लेकर एसीपी की वर्किंग बेहद फाइन बताई जाती है। तो वही सर्किल वाले साहब का अपना अलग ही जलवा है। कुल मिलाकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने कई पैरामीटर को ध्यान में रखते हुए टू-स्टार को चार्ज वाली जिम्मेदारी दी है। अब देखना होगा कि वह इसे कितने बेहतर ढंग से चला पाते हैं। वहीं सुनने में आया है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में टू-स्टार से थाने की हॉट सीट संभालने वालों में इस टू-स्टार का अपने बैच में अलग ही नाम रहा है। खुद इनके ही बैच वाले टू-स्टार की तारीफ करते हैं। अब देखना होगा कि दिल्ली से सटे जिस हाई टेंशन वाले थाने का टू-स्टार को प्रभार मिला है, वहां की जिम्मेदारी को वह किस ढंग से निभा पाते हैं। टेंशन के बीच वर्किंग की अटेंशन कितनी रहेगी, यह भी आने वाला समय ही बताएगा।

# नोएडा एयरपोर्ट के पास वाले गांव में लगा समस्याओं का ढ़ेर, ग्रामीणों ने नोएडा प्राधिकरण से मांगी मदद

**ग्रेटर नोएडा, करंट क्राइम।** दनकौर क्षेत्र के धनौरी गांव की काफी समस्याएं हैं। जिनके समाधान के लिए करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकताओं ने शुक्रवार को ग्रामीणों के साथ मिलकर यमुना प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान यमुना प्राधिकरण की तरफ से आश्वासन मिला है कि जल्द सभी समस्याओं का समाधान होगा।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय और प्रेम प्रधान ने बताया कि दनकौर क्षेत्र के गांव धनौरी में लंबे समय से जलभराव की समस्या। गंदगी का अम्बार, मच्छरों का प्रकोप, तालाब के ओवरफ्लो के कारण नालियां में जलभराव रहता है। गांव में गंदगी और जल भराव के कारण मच्छरों का भारी प्रकोप है।



### यमुना प्राधिकरण से मिला मदद का आश्वासन

वहीं, संक्रामक रोग फैलने का भी खतरा बना हुआ है। चौधरी प्रवीण भारतीय ने कहा कि इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकताओं ने ग्रामीणों के साथ मिलकर शुक्रवार को यमुना प्राधिकरण पर प्रदर्शन कर प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि ओएसडी शैलेंद्र कुमार ने तुरंत सभी सम्बन्धित कर्मचारियों को धनौरी गांव की समस्त समस्याओं के हल करने की बात कही।

### मौके पर ये लोग मौजूद रहे

इस दौरान मास्टर दिनेश नागर, डॉ.प्रदीप सोलंकी, प्रेम प्रधान, तेजवीर चौहान, विनोद नागर, सरनाम सिंह, जयपाल सिंह, जयवीर सोलंकी, हरपाल सिंह, निखिल सोलंकी, विकास कुमार, योगेश सोलंकी, गणेश भाटी, मोनू सोलंकी, प्रवीण कुमार और सुमित सोलंकी आदि लोग मौजूद रहे।

### कोचिंग संस्थान के 12 करोड़ के उपकरण हड़पे

**नोएडा करंट क्राइम।** दिल्ली की एक नामी कोचिंग संस्थान के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। नोएडा में संस्थान को किराए पर इमारत देने के बाद भवन मालिक ने ताला डाल दिया है। कोचिंग सेंटर में 12 करोड़ रुपये से अधिक के उपकरण और फर्नीचर हड़प लिए हैं। संस्थान के डायरेक्टर ने थाना सेक्टर-63 पुलिस से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। दिल्ली में इंस्टीट्यूट ऑफ गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज इंडिया के नाम से संस्थान है। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. सैयद एस अब्बास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पिछले दिनों उन्हें नोएडा में एक कोचिंग सेंटर स्थापित करना था। ताकि नोएडा या उसके आसपास रहने वाले स्टूडेंट्स को दिल्ली न जाना पड़े। इसके लिए सेक्टर-63 के एच ब्लॉक स्थित एक भवन स्वामी से संपर्क हुआ। भवन स्वामी से किराया तय होने के बाद नौ लाख रुपये बैंक खातों से भवन स्वामी को ट्रांसफर दिए। किराए के एग्रीमेंट के लिए वह बार-बार टरकाता रहा।

# जुम्मे की नमाज को लेकर अलर्ट मोड पर रही पुलिस



● मोदीनगर में बेगमाबाद स्थित बड़ी मस्जिद में होने वाली जुम्मे की नमाज पर अलर्ट

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** संभल में भड़की दंगे की आग के मद्देनजर मोदीनगर पुलिस ने सुरक्षा कारणों को देखते हुए शुक्रवार को होने वाली जुम्मे की नमाज में पूरी तरह सर्तकता बरती और बड़ी मस्जिद बेगमाबाद में भारी पुलिस बल की तैनाती रही। बताते चलें कि गत दिनों मुरादाबाद के संभल में एक मस्जिद के सर्वे के दौरान भडकी हिंसा की आग के बाद मोदीनगर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट मोड़ पर है।

शुक्रवार को बेगमाबाद स्थित बड़ी मस्जिद में होने वाली जुम्मे की नमाज को देखते हुए पुलिस ने शान्ति व्यवस्था व सुरक्षा में किसी तरह की कोई कोताही बरतना उचित नही समझा, जिसके चलते सुबह से ही बड़ी मस्जिद के आसपास स्वयं एसीपी ज्ञानप्रकाश राय व थानाध्यक्ष भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# विधायक संजीव शर्मा को लखनऊ में दी बधाई





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को लखनऊ में नवनिर्वाचित गाजियाबाद से विधायक संजीव शर्मा के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। शपथ ग्रहण समारोह में गाजियाबाद से क्रय विक्रय के अध्यक्ष वीरेंद्र सारस्वत पहुंचे। वीरेंद्र सारस्वत ने विधायक संजीव शर्मा को शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई दी और कहा कि आज यह गाजियाबाद के कार्यकताओं के लिए बड़े हर्ष की बात है कि उनके महानगर अध्यक्ष विधायक के रूप में शपथ ग्रहण की है। इस मौके पर उनके साथ गोविंदपुरम के मंडल अध्यक्ष अमित रंजन, पार्षद प्रवीण गुर्जर, संजय कौशिक, विजय सिंह मौजूद रहे।

### नंदिनी शर्मा ने जीता स्वर्ण पदक



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित अंतर महाविद्यालयी महिला व पुरुष एथलेटिक्स प्रतियोगिता-2024 का आयोजन नोएडा कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन नोएडा में किया गया। इस प्रतियोगिता में मुलतानीमल मोदी कॉलेज, मोदीनगर की ओर से शॉटपुट, महिला वर्ग प्रतियोगिता में कु0 नंदिनी शर्मा बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ने प्रतिभाग किया और अपने ही पिछले वर्ष के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए रजत पदक को स्वर्ण पदक में परिवर्तित किया। इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 दीपक कुमार अग्रवाल ने नंदिनी शर्मा को बधाई दी तथा आगे होने वाली प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचे दो जज, वाहन क्षतिग्रस्त

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मेरठ दिल्ली एक्सप्रेस (डीएमई) पर भोजपुर टोल प्लाजा के निकट मथुरा से लौटते समय तीर्थ यात्रियों की एक खड़ी कार में शराब के नशे मे धुत ब्रेजा गाड़ी के चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गये। गनीमत रही कि दुर्घटना के दौरान कार सवार दो जज व उनके साथी बाहर खडे थे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की ओर इस बावत पीड़ित प्रशांत यादव की ओर से आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया हैं। पुलिस घटना वाले दिन की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं।

### दबंगों ने युवक के साथ की मारपीट



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** दबंगों ने एक युवक को पीटकर घायल कर दिया। घायल की ओर से थाने में दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोविन्दपुरी की मानवतापुरी निवासी चंद्रा देवी ने पुलिस में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि जब उसका पुत्र घर से बाजार के लिये निकला। तभी पडोस में रहने वाले सारा रोड निवासी रोहन, तरूण व एक अन्य ने उसके साथ गाली गलौच व मारपीट कर उसे घायल कर दिया। शोर सुनकर जुटी भीड़ देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

### बैल बुग्गी की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** करीब दस दिन पूर्व बैल बुग्गी दौड़ा रहे एक बुग्गी चालक की चपेट में आये बाईक सवार की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के भाई ने फरार हुए बुग्गी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। गांव कैथवाडी निवासी कपिल सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि गत 19 नवंबर की रात को जब मेरा भाई अनिल नई बाईक से गांव लौट रहा था, लौटते समय जब वह शेरपुर मार्ग पर पहुंचा तभी तेज गति से आ रही बैल बुग्गी ने टक कर मारकर उसे घायल कर दिया और बुग्गी चालक दुर्घटना को अंजाम देकर भाग निकला। हालत गंभीर देख स्थानीय अस्पताल से रैफर हुये अनिल को एम्स दिल्ली ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस बावत पुलिस ने गांव फफराना निवासी जैन या पुण्डारी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं। पुलिस उस मार्ग की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं।

### बरात में शामिल होने जा रहे युवक की मौत



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** बारात में शामिल होने गये एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने से परिवार में मातम छा गया। गुरूवार की सायं जब उसका शव घर पहुंचा तो कॉलोनी में माहौल गमगीन हो गया। सुभाष बिहार निवासी जयवीर का पुत्र राहुल पांचाल (24) जो कि एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करता था, कॉलोनी के ही एक युवक की बारात में मेरठ के शास्त्रीनगर में शामिल होने जा रहा था, जब वह बाईक से बिजली बम्बा बाईपास मार्ग पर लोहिया नगर के समीप पहुंचा, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक वाहन की टक्कर से दुर्घट नाग्रस्त हो गया, ओर सुभाष की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक सुभाष की मौत की खबर लगते ही परिवार में मातम छा गया। जब गुरूवार की सांय उसका शव पोस्टमार्टम के बाद यहां पहुंचा तो गमगीन माहौल में उसका शव ले जाकर दाह संस्कार किया गया।

# शांति स्थापना आयोग में भारत के छह हजार सैनिक दुनिया के सबसे बड़ा सैन्य सहयोगकर्ता देशों में से एक

**न्यूयॉर्क ।** भारत को संयुक्त राष्ट्र के शांति स्थापना मिशन में फिर से निर्वाचित किया गया है। भारत का यह निर्वाचन 2025-26 की समयावधि के लिए हुआ है। दरअसल भारत का मौजूदा कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। भारत के निर्वाचन पर संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'एक संस्थापक सदस्य और यूएन शांति स्थापना मिशन में प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में, भारत वैश्विक शांति और स्थिरता की दिशा में काम करने के लिए शांति स्थापना मिशन के साथ अपने जुड़ाव को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।'




उल्लेखनीय है कि शांति स्थापना आयोग एक अंतर-सरकारी सलाहकार निकाय है, जो संघर्ष प्रभावित देशों में शांति प्रयासों का समर्थन करता है। शांति स्थापना आयोग में 31 सदस्य देश हैं, जिनमें संयुक्त राष्ट्र महासभा, सुरक्षा परिषद और आर्थिक और सामाजिक परिषद के सदस्य देश शामिल हैं। शीर्ष वित्तीय योगदानकर्ता देश और शीर्ष सैन्य योगदानकर्ता देश भी इसके सदस्य हो सकते हैं।


शांति स्थापना आयोग संसाधनों को संगठित करने और सभी हितधारकों को साथ लाने में अहम भूमिका निभाता है ताकि संघर्ष को समाप्त कराया जा सके। साथ ही संघर्ष के बाद पुनर्निर्माण, संस्था निर्माण के काम भी सहयोग करता है।

### भारत शांति मिशन में सबसे बड़ा सैन्य योगदानकर्ता

भारत संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में सबसे बड़ा सैन्य योगदानकर्ता है। वर्तमान में भारत के छह हजार के करीब सैनिक संयुक्त राष्ट्र मिशन के तहत दुनिया के विभिन्न देशों में तैनात हैं, जिनमें अबेई, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, साइप्रस, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, लेबनान, मध्य पूर्व, सोमालिया, दक्षिण सूडान और पश्चिमी सहारा आदि शामिल हैं। अब तक करीब 180 भारतीय शांति सैनिकों ने ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया है। यह किसी भी सदस्य देश के सैनिकों में सबसे ज्यादा है।

## यूक्रेन पर रूस के हमले से तिलमिलाए बाइडन

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल में अब कुछ ही दिन का समय बचा है और यही वजह है कि वे यूक्रेन को लेकर परेशान हैं। खासकर रूस ने यूक्रेन पर जो ताबड़तोड़ हमले किए हैं, उसके बाद तो बाइडन तिलमिला गए हैं। जो बाइडन ने गुरुवार को कहा कि रूस के यूक्रेन पर ताजा हमले बताते हैं कि हमें यूक्रेन की तुरंत मदद करने की जरूरत है। दरअसल जो बाइडन को चिंता है कि अगर डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को मदद देनी बंद कर दी, तो इससे यूक्रेन कमजोर पड़ जाएगा। बाइडन की चिंता जायज भी है क्योंकि ट्रंप ने ऐसे संकेत दिए भी हैं कि वे यूक्रेन को दी जाने वाली मदद की समीक्षा करेंगे। रूस ने यूक्रेन पर किया बड़ा हमला रूस ने गुरुवार को यूक्रेन पर बड़ा हमला करते हुए करीब 200 मिसाइलें दागीं।



# सीरिया में नहीं थम रहा संघर्ष
## अलेप्पो में 200 से अधिक की मौतें
## विद्रोहियों ने प्रमुख राजमार्ग को काटा

**सिडनी ।** अलेप्पो के बाहरी इलाके पर कब्जे को लेकर सीरियाई सरकार और विद्रोहियों के बीच संघर्ष तेज हो गया है। रूसी लड़ाकू विमान सीरियाई सेना के साथ मिलकर विद्रोहियों के कब्जे वाले अलेप्पो के पूर्वी इलाके में लगातार हवाई हमले कर रहे हैं।

इस बीच, जिहादी लड़ाकों ने गुरुवार को दमिश्क से अलेप्पो तक जाने वाले राजमार्ग को काट दिया।



इस आक्रामक अभियान के दौरान करीब 200 लोग मारे गए हैं।

एक निगरानीकर्ता का कहना है कि जिन लोगों की जान गई है उनमें रूसी वायु सेना के हमलों में मारे गए नागरिक भी शामिल हैं।

### जिहादियों ने अचानक किया हमला

सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि एक दिन पहले, जिहादी समूह हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) और उसके सहयोगी गुटों ने उत्तरी अलेप्पो प्रांत के सरकारी नियंत्रण वाले क्षेत्रों पर अचानक हमला कर दिया।

इससे तनाव के बीच सबसे भीषण लड़ाई शुरू हो गई। अब तक 182 की मौत निगरानीकर्ता ने कहा कि चल रही लड़ाई में मरने वालों की संख्या बढ़कर 182 हो गई है, जिसमें एचटीएस के 102 लड़ाके, सहयोगी गुटों के 19 और 61 शासन बलों और संबद्ध समूहों के लड़ाके शामिल हैं।

निगरानी संस्था के प्रमुख रामी अब्देल रहमान ने कहा, 'अलेप्पो के ग्रामीण इलाकों में गुरुवार को रूसी हवाई हमलों में 19 नागरिक मारे गए।

' उन्होंने कहा कि एक दिन पहले सीरियाई सेना की गोलाबारी में एक अन्य नागरिक की मौत हो गई थी।

रूस सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद का करीबी सहयोगी है ।,

उसने 2015 में पहली बार सीरिया के गृहयुद्ध में हस्तक्षेप किया था, जिससे संघर्ष का रुख राष्ट्रपति के पक्ष में हो गया, जिनकी सेनाएं कभी देश के केवल पांचवें हिस्से पर नियंत्रण रखती थीं।

इन मार्गों को किया प्रभावित ब्रिटेन स्थित निगरानी संस्था ने कहा कि एचटीएस और उसके सहयोगी गुटों, जिनमें पड़ोसी तुर्की द्वारा समर्थित समूह भी शामिल हैं, ने दमिश्क-अलेप्पो अंतरराष्ट्रीय एम5 राजमार्ग को काट दिया। इसके अलावा एम4 और एम5 राजमार्गों के बीच जंक्शन को भी नियंत्रित कर लिया है।' सीरिया के अंदर सूत्रों का नेटवर्क रखने वाली निगरानी संस्था ने कहा, 'वर्षों पहले शासन बलों द्वारा फिर से खोले जाने के बाद राजमार्ग को अब सेवा से बाहर कर दिया गया है।

# उत्तर कोरिया पहुंचे रूसी रक्षा मंत्री बेलौसोव
## सेना और राजनीतिक नेताओं से करेंगे बातचीत

**सियोल ।** रूस और उत्तर कोरिया के बीच का प्रेम किसी से छिपा हुआ नहीं है। जहां यूक्रेन के खिलाफ मॉस्को की जंग के समर्थन में उत्तर कोरिया ने अपने सैनिक भेजे। वहीं बदले में पुतिन ने कोरियाई देश को हवाई रक्षा मिसाइलें दी हैं। इन सबके बीच, रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव शुक्रवार को उत्तर कोरिया पहुंचे। यहां वे सैन्य और राजनीतिक नेताओं के साथ बातचीत करेंगे।



मंत्रालय ने हालांकि यह नहीं बताया है कि बेलौसोव किससे मिलेंगे या बातचीत का उद्देश्य क्या है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस यात्रा की तुरंत पुष्टि नहीं की।

पूर्व अर्थशास्त्री बेलौसोव ने मई में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सत्ता में पांचवां कार्यकाल शुरू करने के बाद रक्षा मंत्री के रूप में सर्गेई शोइगू का स्थान लिया था। बेलौसोव की यह यात्रा दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल द्वारा रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव के नेतृत्व में यूक्रेन के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के कुछ दिनों बाद हुई है, जिसमें येओल ने दोनों देशों से उत्तर कोरिया द्वारा यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में सहायता के लिए हजारों सैनिकों को रूस भेजने के जवाब में जवाबी कदम की तैयारी का आह्वान किया था।

अमेरिका और उसके सहयोगियों का कहना है कि उत्तर कोरिया ने हाल के सप्ताहों में 10,000 से अधिक सैनिक रूस भेजे हैं और उनमें से कुछ सैनिक पहले ही युद्ध में शामिल हो चुके हैं। उत्तर कोरिया पर रूस को हथियार प्रणाली, मिसाइल और अन्य सैन्य उपकरणों की आपूर्ति करने का भी आरोप है, जो पुतिन को लगभग तीन साल से जारी युद्ध को और आगे बढ़ाने में मदद कर सकता है। खतरे को बढ़ा सकता है दक्षिण कोरिया में यह भी चिंता जताई गई कि उत्तर कोरिया अपने सैनिकों और हथियारों की आपूर्ति के बदले में रूस से प्रौद्योगिकी हस्तांतरण हासिल कर सकता है, जो नेता किम जोंग उन के परमाणु हथियारों और मिसाइल कार्यक्रम द्वारा उत्पन्न खतरे को संभावित रूप से बढ़ा सकता है।

### रूस ने हवाई रक्षा तंत्र को मजबूत बनाने में की मदद

राष्ट्रपति यूं सुक-योल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शिन वोनसिक ने टीवी के एक कार्यक्रम में बताया था कि दक्षिण कोरिया ने पाया है कि रूस ने प्योंगयांग के हवाई रक्षा तंत्र को मजबूत बनाने के लिए मिसाइलें और अन्य उपकरण मुहैया कराए हैं।

# नहीं थम रही शेख हसीना की मुश्किलें
## आईसीसी में मुकदमा चलाना चाहता है बांग्लादेश

**ढाका ।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब उनके सामने और मुसीबत बढ़ सकती हैं। दरअसल, ढाका ने अपदस्थ हसीना के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय में मुकदमा चलाने की मांग की है, जबकि वह मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोपों में घरेलू न्यायाधिकरण में मुकदमे का सामना कर रही हैं।



### आईसीसी के अभियोजक से की मुलाकात

यह जानकारी देश की अंतरिम सरकार के सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार को दी। उनकी प्रेस शाखा के एक अधिकारी ने कहा, 'मुख्य सलाहकार यूनुस ने हसीना के खिलाफ मुकदमे के मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) के अभियोजक करीम ए खान से चर्चा की, जिन्होंने जमुना स्थित उनके आधिकारिक आवास पर उनसे मुलाकात की।' पहले से ही दर्जनों मामले बंग्लादेश में सरकारी नौकरी में आरक्षण को लेकर विरोध प्रदर्शन हुए थे। इसके बाद हसीना पांच अगस्त को भारत चली गई थीं। तीन दिन बाद ही नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के तौर पर कार्यभार संभाला था। सत्ता छोड़ने के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने दर्जनों केस दर्ज किए हैं, जिनमें मानवता के खिलाफ अपराध करने का आरोप भी शामिल है।

# ईरान की धमकी- शिकंजा कसा तो परमाणु हथियार पर बैन हटाएंगे, नेतन्याहू बोले- रोकने के लिए कुछ भी करेंगे

**यरुशलम ।** बीते एक साल से ज्यादा समय से इस्राइल और हमास के बीच जंग जारी हैं। वहीं, इस युद्ध की लपटें लेबनान और ईरान तक पहुंच चुकी हैं। हालांकि, शांति की एक पहल के रूप में इस्राइल और हिजबुल्ला ने शुरूआती दो महीने के लिए युद्ध विराम कर लिया है इस बीच, ईरान और इस्राइल के बीच तनातनी दिख रही।



एक तरफ तेहरान धमकी दे रहा है कि अगर पश्चिमी देशों ने उस पर फिर से प्रतिबंध लगाए तो वह परमाणु हथियार हासिल करने पर लगे प्रतिबंध को खत्म कर सकता है। वहीं, इस पर इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी साफ-साफ कह दिया कि वह ईरान को रोकने के लिए 'सब कुछ' करेंगे।

ईरान शुक्रवार को अपने परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के लिए ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी से मिलने वाला है। इसके पीछे का कारण यह है कि तीनों देशों की सरकारों ने संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था द्वारा तेहरान की निंदा करवाने के लिए अमेरिका के साथ हाथ मिला लिया है।

पिछले सप्ताह की फटकार के बाद तेहरान ने एक विद्रोही प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। मगर, उसके अधिकारियों ने अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने से पहले दूसरों के साथ बातचीत करने की इच्छा का संकेत दिया है।

ईरान शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु ऊर्जा के अपने अधिकार पर जोर देता है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के अनुसार, यह एकमात्र गैर-परमाणु-हथियार वाला देश है, जो 60 प्रतिशत तक यूरेनियम को समृद्ध कर रहा है। तेहरान में हताशा बहस को दे रही हवा ईरान के शीर्ष राजनयिक ने इस मामले पर बात करने से पहले गुरुवार को एक इंटरव्यू में कहा कि अगर पश्चिमी देशों ने उन पर फिर से प्रतिबंध लगाए तो ईरान परमाणु हथियार हासिल करने पर लगा प्रतिबंध समाप्त कर सकता है।

# चिन्मय दास को अलग करने की बात पर इस्कॉन का यू-टर्न
## कहा- हमने उनको खुद से दूर नहीं किया, न करेंगे

**ढाका ।** बांग्लादेश में देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किए गए चिन्मय कृष्ण दास के मामले में इस्कॉन ने यू-टर्न लिया है। इस्कॉन ने चिन्मय कृष्ण दास को संगठन से दूर करने की बात को नकारा है। इस्कॉन ने कहा कि वह चिन्मय कृष्ण दास के अधिकारों का समर्थन करने के लिए खड़ा है। हमने न तो चिन्मय कृष्ण दास को खुद से दूर किया और न ही करेंगे। इस्कॉन बांग्लादेश ने गुरुवार को कहा था कि चिन्मय कृष्ण दास को सितंबर में अनुशासनहीनता के कारण संगठन से बाहर किया जा चुका है। इस्कॉन का उनके कार्यों से कोई संबंध नहीं है।



एक्स पर पोस्ट में इस्कॉन की ओर से कहा गया कि इस्कॉन ने हिंदुओं और उनके मंदिरों की रक्षा लिए शांतिपूर्वक आह्वान करने वाले चिन्मय कृष्ण दास के अधिकारों और स्वतंत्रता का समर्थन करने से खुद को दूर नहीं किया है और न ही करेगा। हम अन्य सभी सनातनी संगठनों, हिंदुओं की सुरक्षा और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ शांतिपूर्ण माहौल को स्थापित करने का समर्थन करते हैं। हमने सभी प्रेस वक्तव्य और साक्षात्कारों में वही कहा है जो हमने पहले कहा था कि चिन्मय कृष्ण दास बांग्लादेश में इस्कॉन के आधिकारिक प्रतिनिधि नहीं हैं। वहीं इस्कॉन इंक ने एक पोस्ट में लिखा कि इस्कॉन इंक चिन्मय कृष्ण के साथ है। हम भगवान कृष्ण से सभी भक्तों की सुरक्षा की प्रार्थना करते हैं।

**इस्कॉन ने चिन्मय कृष्ण दास को संगठन से दूर करने की बात को नकारा है। इस्कॉन ने कहा कि वह चिन्मय कृष्ण दास के अधिकारों का समर्थन करने के लिए खड़ा है। हमने न तो चिन्मय कृष्ण दास को खुद से दूर किया और न ही करेंगे।**

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन करने पर इस्कॉन के चिन्मय कृष्ण दास प्रभु पर कार्रवाई की गई थी। उनको देशद्रोह और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में बांग्लादेश पुलिस ने सोमवार को ढाका एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया था।

# रूस ने ऊर्जा ग्रिड पर हमला कर उड़ाई बिजली
## पुतिन ने कीव पर हाइपरसोनिक मिसाइल हमले की दी धमकी

**कीव ।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को कीव में निर्णय लेने वाले केंद्रों पर रूस की नई हाइपरसोनिक मिसाइल से हमले की धमकी दी। इस धमकी के कुछ घंटों बाद ही रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा ग्रिड पर हमला किया, जिससे दस लाख लोग बिजली से वंचित हो गए। इसके साथ ही कीव ने बताया कि रूस ने बमबारी के दौरान 90 से ज्यादा मिसाइलें और लगभग 100 ड्रोन दागे। बता दें कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने इसे पश्चिमी मिसाइलों के साथ यूक्रेनी हमलों का प्रतिक्रिया कहा।



### एक बार फिर बढ़ने लगा तनाव

लगभग तीन साल से चल रहे युद्ध में हाल के दिनों में तनाव बढ़ा है, जिसमें दोनों पक्ष नए हथियारों का इस्तेमाल कर रहे हैं। पुतिन ने कजाखिस्तान की राजधानी अस्ताना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ₹हम कीव समेत सैन्य और निर्णय लेने वाले केंद्रों के खिलाफ हाइपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल करने से इंकार नहीं करते।

रूस ने पिछले सप्ताह अपनी नई ओरेशनिक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया, और पुतिन ने दावा किया कि एक साथ कई मिसाइलें दागने से परमाणु हमले जैसा प्रभाव हो सकता है।

उन्होंने कहा कि रूस को पूरी जानकारी है कि कीव को कितने लंबे दूरी के हथियार दिए गए हैं और वे कहां स्थित हैं।

### रूस ने नई ओरेशनिक मिसाइल का किया परीक्षण


रूस ने पिछले सप्ताह अपनी नई ओरेशनिक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया, और पुतिन ने दावा किया कि एक साथ कई मिसाइलें दागने से परमाणु हमले जैसा प्रभाव हो सकता है। उन्होंने कहा कि रूस को पूरी जानकारी है कि कीव को कितने लंबे दूरी के हथियार दिए गए हैं और वे कहां स्थित हैं।

**पोलैंड के पीएम ने धमकी को बताया कमजोरी का संकेत :** पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने पुतिन की धमकी को ₹कमजोरी का संकेत₹ बताया और कहा कि पश्चिम इस पर परेशान नहीं होगा।

यह ताजा हमला ऐसे समय में हुआ है जब यूक्रेन के लोग सर्दियों के लिए तैयार हो रहे हैं, क्योंकि युद्ध के कारण उनका ऊर्जा बुनियादी ढांचा पहले ही काफी क्षतिग्रस्त हो चुका है। रूस के सैनिक पूर्वी यूक्रेन में भी आगे बढ़ रहे हैं। पुतिन का बयान पुतिन ने यह भी कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल से कुछ समाधान मिलेगा, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वे किस बात की बात कर रहे थे। रूस के हमले के कारण यूक्रेन के पश्चिमी ल्वीव क्षेत्र में पाँच लाख लोग बिजली से वंचित हो गए, जबकि रिव्ने और वोलिन क्षेत्र में भी लाखों लोग अंधेरे में डूब गए। यूक्रेन की आपातकालीन सेवाओं के मुताबिक, रातभर के हमले ने 14 क्षेत्रों को प्रभावित किया।

# ट्रंप अभी सुरक्षित नहीं, पुतिन ने यूएस के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति को दी सतर्क रहने की सलाह

**कजाकिस्तान ।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तारीफ की। उन्होंने ट्रंप को एक अनुभवी और बुद्धिमान राजनीतिज्ञ बताया। हालांकि, पुतिन ने यह भी कहा कि उन्हें अभी तक विश्वास नहीं होता कि ट्रंप अभी भी पूरी तरह सुरक्षित हैं। गौरतलब हो कि जुलाई में पेंसिल्वेनिया में ट्रंप पर हुए हत्या के प्रयास में वे घायल हो गए थे और सितंबर में एक और घटना में एक व्यक्ति ने ट्रंप के फ्लोरिडा गोल्फ कोर्स में राइफल के साथ खुद को तैनात किया था।



### सतर्क रहने की दी सलाह

रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने कजाकिस्तान में शिखर सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अमेरिकी चुनाव अभियान के दौरान ट्रंप के खिलाफ असभ्य तरीकों का इस्तेमाल किया गया, जिसमें हत्या के प्रयास भी शामिल थे। उन्होंने कहा मैं समझता हूं कि वे अब सुरक्षित नहीं हैं और उम्मीद जताई कि ट्रंप सतर्क रहेंगे। इसके साथ ही पुतिन ने ट्रंप के परिवार और बच्चों के खिलाफ की गई आलोचनाओं को विद्रोही बताते हुए कहा कि रूस में ऐसा व्यवहार कभी नहीं होता।

### ट्रंप पर जताया विश्वास

यूक्रेन में युद्ध के बढ़ने के लिए बाइडन प्रशासन के फैसले के बारे में पुतिन ने कहा कि यह शायद ट्रंप को वापस सत्ता में लाने की कोशिश हो सकती है ।

या रूस के साथ उनके जीवन को और मुश्किल बनाने का तरीका हो सकता है। पुतिन ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि ट्रंप समाधान ढूंढ लेंगे और मास्को बातचीत के लिए तैयार है।

# गमगीन माहौल में हिंडन श्मशान घाट पर हुआ माया देवी का दाह संस्कार














**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता अनिल अग्रवाल सांवरिया की माता माया देवी का शुक्रवार को हिंडन श्मशान घाट पर दाह संस्कार किया गया। अनिल अग्रवाल सांवरिया की माता जी माया देवी का गुरुवार की शाम निधन हो गया था। उनकी शवयात्रा उनके लोहिया नगर स्थित आवास से शुक्रवार की सुबह शुरू हुई। गमगीन माहौल में हिंडन श्मशान घाट पर उनका दाह संस्कार किया गया। शोक व्यक्त करने के लिए समाज के गणमान्य लोग पहुंचे और सभी ने स्वर्गीय माया देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया।

# पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के पूर्वकर्मी ने मेरठ जोन का कर दिया नाम

## फील्ड यूनिट प्रभारी पवन गौतम ने जीते गोल्ड-सिल्वर और कई ईनाम

### वर्तमान मे गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट में हैं तैनात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लखनऊ में आयोजित हुई 37वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक वैज्ञानिक अनुसंधान पुलिस फोटोग्राफी, ऑडियोग्राफी, कंप्यूटर, डॉग स्क्वायड एवं एंटी सेबोटास चेक प्रतियोगिता 2024 का समापन हो गया है। इस प्रतियोगिता में गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट के प्रभारी फील्ड यूनिट पवन कुमार गौतम ने चार अलग-अलग श्रेणी के पदक जीत के मेरठ जोन को प्रथम स्थान हासिल करवाया है। साथ ही जिला गाजियाबाद और नोएडा का नाम रोशन किया है।

इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पुलिस के सभी 12 जोन के फील्ड यूनिट प्रभारी शामिल हुए थे। जिसमें पवन गौतम ने डंका बजाया है। पुलिसकर्मी पवन कुमार गौतम वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में तैनात हैं। इससे पूर्व पवन लंबे समय तक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने घटनास्थल निरीक्षण, फोटोग्राफी में गोल्ड मेडल जीता है। तो घटना निरीक्षण में उन्होंने सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। तो वहीं वीवीआईपी वीडियोग्राफी के मामले में कांस्य पदक और हुलिया पहचान एवं विशेष जांच के लिए उन्हें कांस्य पदक दिया गया है।

### आईपीएस अधिकारी ने किया पवन को सम्मानित



**करंट क्राइम।** विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतने वाले फील्ड यूनिट प्रभारी पवन गौतम को आईपीएस अधिकारी संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय लखनऊ आकाश कुलहरी द्वारा पुरस्कार दिया गया है। इस कार्यक्रम में आईपीएस अमित कुमावत, अनिल कुमार यादव और तेज स्वरूप सिंह भी उपस्थित रहे। सभी ने पवन की वर्किंग की तारीफ की। बता दें कि यह सभी कार्यक्रम रिजर्व पुलिस लाइन लखनऊ में आयोजित किए गए थे।

**लखनऊ में आयोजित 67वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक वैज्ञानिक अनुसंधान, पुलिस फोटोग्राफी, ऑडियोग्राफी, कंप्यूटर, डॉग स्क्वायड एवं एंटी सेबोटास चेक प्रतियोगिता 2024 का हुआ समापन**

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कर सकते हैं प्रतिभाग

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में प्रभारी फील्ड यूनिट पवन कुमार गौतम मेरठ जून में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद अब ऑल इंडिया स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभा कर सकते हैं। बताया जा रहा है यह प्रतियोगिता जल्द ही केरल में आयोजित की जाएगी, अगर वहां पवन गौतम का प्रदर्शन का बेहतर रहा और उन्होंने कई पदक हासिल किया, तो वह पुरस्कार के प्रबल दावेदार भी बनेंगे।



# प्रगति पब्लिक स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**इंदिरापुरम, करंट क्राइम।** प्रगति पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि व स्थानीय पार्षद राधेश्याम त्यागी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वरिष्ठ पत्रकार अल्क्षेन्दर सिंह नेगी ने शॉल ओढ़ाकर पार्षद राधेश्याम तिवारी का स्वागत किया।

कार्यक्रम में स्कूल के करीब 200 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन भावना ध्यानी और सारिका शर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका चंचल सागर, आरती रावत, लता बिष्ट, विनीता कोटनाला, अंजू रावत, प्रतिमा शर्मा, रिंकी गोला, सीमा सिंह, प्रीति कोटनाला, मुदुला गुप्ता, रजनी नेगी, नीतू गुंसाई, मचला रानी और वंदना सक्सेना ने विशेष योगदान दिया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रों खूशबू, विराज दास, अंजली, हर्षा, रिषिका, प्रियांशु, अंजलि, विद्या, लवली, राज कशिश और वंदना को प्रिंसिपल अक्षिता त्यागी ने मेडल प्रदान किए। स्टूडेंट ऑफ द ईयर कक्षा आठ की छात्रा अर्शी को चुना गया। पुष्पा त्यागी, आनंद मोहन सिंह, सन्नी त्यागी और वरिष्ठ पत्रकार अनुराग शर्मा ने मंच पर प्रस्तुति देने वाले नौनिहालों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।




# विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बिना लाइसेंस मीट की दुकानें बंद कराईं

**लोनी, करंट क्राइम।** स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने ट्रॉनिका सिटी थाने की पूजा कॉलोनी सुधीर एंक्लेव तथा रामपार्क विस्तार आदि कॉलोनियों में बिना लाइसेंस चल रहीं मीट की दुकानों को बंद कराया तथा भविष्य में उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराने की चेतावनी दी है। जबकि पुलिस कर्मियों पर भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया।

गुरुवार शाम स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ट्रॉनिका सिटी थाने की पूजा कॉलोनी,सुधीर एंक्लेव तथा रामपार्क विस्तार कॉलोनी का निरीक्षण करने पहुंचे। उक्त कॉलोनियों में अवैध रूप से चल रहीं मीट की दुकानों को खुली देख विधायक का पारा चढ़ गया। उन्होंने तत्काल दुकानदारों को दुकान बंद करने तथा कानूनी कार्रवाई कराने की चेतावनी दी। जिससे वहां हड़कंप मच गया और दुकानदार दुकान बंद कर भाग निकले।

विधायक ने पुलिसकर्मियों पर भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। विधायक का कहना है कि लोनी के नजदीक ही हिंडन एयरपोर्ट है। जिसके चलते यहां आर्डिनेंस एक्ट लागू होता है और यहां कोई भी ऐसी गतिविधि संचालित नहीं हो सकती, जिस पर पक्षी मंडराते हो।



**विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने पुलिसकर्मियों पर भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया**

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल-क्रियो 2024 - दूसरा दिन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरु वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद में क्रियो-2024 सांस्कृतिक उत्सव की ऑफलाइन प्रतियोगिताओं का दूसरा दिन शुक्रवार को बडे ही उत्साह के साथ आरम्भ हुआ। स्वागत भाषण हैड टीचर सुसन होम्स ने दिया।

प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले स्कूल हैं- सोमरविले स्कूल नोएडा, सेठ आनन्दराम जयपुरिया, खेतान पब्लिक स्कूल, प्राइवेट इंटरनेशनल स्कूल आबूधाबी, डी0 एल0 एफ0 स्कूल, न्यू ऐरा पब्लिक स्कूल, जी0डी0 गोयनका, सिल्वर बेल्स स्कूल, द डी0 पी0 एस0 जी0 वसुंधरा, डी0 पी0 एस0 पटना, चौ0छबीलदास पब्लिक स्कूल , सालवान पब्लिक स्कूल, न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर स्कूल, बालभारती पब्लिक स्कूल, परिवर्तन स्कूल, सेंट जेवियर हाई स्कूल, कैम्ब्रिज स्कूल, एवरेस्ट पब्लिक स्कूल, गौर इंटरनेशनल, इंद्रप्रस्थ ग्लोबल नोएडा, लोटस वैली नोएडा, डीएवी पब्लिक स्कूल प्रतापविहार, कोठारी इंटरनेशनल नोएडा, ऐलन हाउस वसुंधरा, ऋषिकुल स्कूल सोनीपत, सफायर स्कूल नोएडा आदि।

# नए साल से गाजियाबाद में मास्टर प्लान, जीडीए का एरिया बढ़ेगा

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद को नए साल में नया मास्टर प्लान मिल जाएगा। मास्टर प्लान- 2031 के प्रारूप को जीडीए बोर्ड से मंजूरी पहले ही मिल चुकी है अब शासन से मंजूरी मिलनी है। वर्तमान मास्टर प्लान की समयावधि वर्ष 2024 के साथ ही समाप्त हो जाएगी। ऐसे में दिसंबर माह के दौरान ही शासन से नए मास्टर प्लान-2031 को मंजूरी मिल जाएगी। नया मास्टर प्लान लागू होने से जहां गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) का क्षेत्रफल बढ़ जाएगा, वहीं गाजियाबाद के विकास को नई रफ्तार भी मिलेगी। जाहिरतौर पर गाजियाबाद में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। नए रोजगार सृजित करने में टीओडी जोन की बड़ी भूमिका होगी।

गाजियाबाद को पहली बार जियोग्राफिक इंफोरमेशन सिस्टम (जीआईएस) बेस्ड मास्टर प्लान मिलेगा। जीडीए ने यह मास्टर प्लान भारत सरकार की एजेंसी डीडीएफ कंसलटेंट से तैयार करवाया है। जीआईएस बेस्ड होने के कारण पूरे क्षेत्र में कहीं कोई एक ईंट भी रखेगा तो इसकी जानकारी जीडीए को तत्काल मिलेगी। नए मास्टर प्लान में पर्यावरण संरक्षण और ट्रैफिक मैनेजमेंट को खास तवज्जो दी गई है। इसके साथ ही मेट्रो और आरआरटीएस रूट पर टीओडी जोन विकसित करने का प्रावधान है जो गाजियाबाद में रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा।

# चैतन्य टेक्नो स्कूल के बच्चों ने यातायात के प्रति किया जागरूक






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चैतन्य टेक्नो स्कूल राजनगर एक्सटेंशन के बच्चों ने आज सड़क किनारे खड़े होकर सभी आने-जाने वाले व्यक्तियों को स्लोगन से लिखे बोर्ड लेकर और माइक के माध्यम से यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। बच्चों की यह मुहिम सभी आने-जाने वाले लोगों को बहुत पसंद आई। जिन कार चालकों ने सीट बेल्ट नहीं लगाई हुई थी। बच्चों के एक बार कहने मात्र से ही उन्होंने सीट बेल्ट लगा ली। स्कूल के बच्चों ने शुक्रवार सुबह 10:00 बजे से ही सड़क किनारे एक रैली निकाली जिसमें स्कूल के बच्चों ने यातायात के नियमों को मानने के लिए प्रेरित किया। स्कूल की प्रिंसिपल अलका शर्मा ने बताया कि बच्चों को अभी से ही सड़कों पर वाहन चलाने के लिए सारे नियम कानून पता होने चाहिए।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बीपीएड प्रथम वर्ष के छात्र शिवम ने इंटरयूनिवर्सिटी एथलेटिक प्रतियोगिता में हॉफ मैराथन में जीत हासिल की ओर स्वर्ण पदक जीता। शिवम की इस सफलता को अर्जुन पंवार ने फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। सफलता की गाथा और खुशी को साझा करती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।